
Transforming India

# MyGov India

Fortnightly Newsletter

**Volume 2 Issue 6**
**25th March, 2017**



TRANSFORMING INDIA-
# PROGRESS

**Ujjwala Yojana**
**1,92,85,800**
BPL LPG Connections Released

**Electrification Status**
**12,704**
Villages Electrified

**Ujala Scheme**
**22,07,63,885**
LEDs Distributed

**Jan Dhan Yojana**
**63,836.65 Crore**
Amount Deposited



**जन धन योजना**
**63,836.65 करोड़**
जमा राशि

**उज्ज्वला योजना**
**1,92,85,800**
बीपीएल एलपीजी कनेक्शन जारी

**विद्युतीकरण स्थिति**
**12,704**
गांवों का विद्युतीकरण

**उजाला योजना**
**22,07,63,885**
एलईडी वितरित



Dial **1922** to give suggestions for Mann ki Baat

WHAT'S
# INSIDE


04 **Special focus** विशेष फ़ोकस

20 **Top Stories** मुख्य समाचार

56 **At a Glance** एक नज़र

58 **State Buzz** राज्यों की चहल-पहल

68 **Last fortnight in pictures** पिछले पखवाड़े की झलकियां




Dial **1922** to give suggestions for Mann ki Baat

सत्यमेव जयते | myGov मेरी सरकार

www.mygov.in

# New India - New Beginning

(This is a reproduction of the Prime Minister's speech on New India)

Prime Minister Narendra Modi unveiled his grand vision of "New India" recently. It is an all-encompassing, inspirational and aspirational vision of "Jan Shakti that is greater than the power of government", he said.

He also said that for many decades we have been walking in the wrong direction due to wrong policies. The feeling that the government will do everything became widespread. After many decades, we noticed the error. There was an attempt to correct it 2 decades ago. Standards had been set in such a confined manner that it was accepted as reform.

Prime Minister Narendra Modi observed that for a long time the nation saw just one kind of government or governments that were coalitions. Due to this, just one school of thought and activity was seen. Earlier political systems were either election driven or based on the rigid framework of bureaucracy. There were only these two ways of running a government and any scrutiny of the government too was done on these very parameters.

## The Prime Minister made some succinct comments on how today's times are radically different from earlier:

**Technology has changed more rapidly in just the last 20 years than it did in the last 200 years.**

**There is a big difference between the aspirations of today's youth and those of youth of 30 years ago.**

**All equations of bi-polar and inter-dependent world have changed.**

**"During the era of freedom struggle, there was more national aspiration than personal aspiration. It was so intense that it freed the nation from hundreds of years of oppression. Like the freedom movement, the time is ripe for a movement for development. A developmental movement that connects personal aspiration to collective aspiration. That collective aspiration should be towards the overall progress of the nation."**

- Prime Minister Narendra Modi

# नया भारतः एक नई शुरुआत

('नए भारत' के निर्माण के संबंध में प्रधान मंत्री के भाषण पर आधारित)

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में **'नए भारत'** के निर्माण को लेकर अपने विचार और दृष्टिकोण प्रकट किए। इस प्रेरणादायक, महत्वाकांक्षी मुहिम में पूरे देश के नागरिक पूरे उत्साह के साथ भाग ले सकते हैं और उनकी भागीदारी के बिना यह असंभव है। प्रधानमंत्री का मानना है कि सरकार की शक्ति से जनशक्ति ज्यादा महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा, अनेक दशकों तक हम गलत नीतियों के साथ गलत दिशा में चले। सब कुछ सरकार करेगी यह भाव प्रबल हो गया। कई दशकों के बाद गलती ध्यान में आई। गलती सुधारने का प्रयास हुआ। और सोचने की सीमा बस इतनी संकुचित थी कि दो दशक पहले गलती सुधारने का एक प्रयास हुआ और उसे ही रिफॉर्म मान लिया गया।

प्रधानमंत्री कहते हैं कि ज्यादातर समय देश ने या तो एक ही तरह की सरकार देखी या फिर मिली-जुली गठबन्धन सरकारें देखी। उसके कारण देश को एक ही तरह की सोच या एक्टिविटी नजर आई।

पहले राजनैतिक व्यवस्था चुनावों के हिसाब से चलती थी या फिर ब्यूरोक्रेसी के रिजिड फ्रेमवर्क पर आधारित थी। सरकार चलाने के यही दो सिस्टम थे और सरकार का आकलन भी इसी आधार पर होता था।

प्रधान मंत्री ने **वर्तमान की कुछ स्थितियों** की चर्चा की जो पहले बिल्कुल भिन्न होती थीः

- 200 साल में टेक्नोल०जी जितनी बदली, उससे ज्यादा पिछले 20 साल में बदली है।
- 30 वर्ष पहले के युवा और आज के युवा की आकांक्षाओं में बहुत अंतर है।
- बाइ-पोलर और इंटर-डिपेंडेंट वर्ल्ड के सभी इक्वेशन बदल चुके हैं।

> आजादी के आंदोलन के कालखंड को देखें तो उसमें पर्सनल एस्पीरेशन से ज्यादा नेशनल एस्पीरेशन था। उसकी तीव्रता इतनी थी कि उसने देश को सैकड़ों सालों की गुलामी से बाहर निकाला। अब समय की मांग है-आजादी के आंदोलन की तरह विकास का आंदोलन- जो पर्सनल एस्पीरेशन को कलेक्टिव एस्पीरेशन में विस्तार करे और कलेक्टिव एस्पीरेशन देश के सर्वांगीण विकास का हो।
>
> – प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी

Speaking about **Ek Bharat Shreshtha Bharat**, the Prime Minister said,

> **This government is working towards the dream of Ek Bharat Shreshtha Bharat. Our way of approaching problems is completely different. For many years, there was conflict and tension on the usage of English-Hindi. All the languages of India are part of our precious heritage. We thought deeply on how these languages can be tied to each other in a single thread of national integration. Under the Ek Bharat Shreshtha Bharat programme we paired two states with each other and now many states are getting acquainted with each other's cultural diversity.**

Stressing on the fact that this **government is completely different in approach from earlier ones**, the Prime Minister said,

> **Our approach towards transformation is innovative. This is why commonly used words like reform or disruption fall short. Rather than reforms or disruptions, these methods are techniques to rejuvenate the soul of our nation and keep its sanctity intact even as we make systems compatible with rapidly changing times. This is the way the 21st century mind thinks. Hence, if anybody is to be credited for the transformation then it is our 1.25 billion citizens. The archaic mentality and limited comprehension of some people is such that they think transformation happens only from the corridors of power. It is wrong to think so.**

Pointing out the tangible **difference in work culture** his government has brought in, he said,

> **We have augmented the work culture of the government with time-bound implementation and integrated thinking. In our work culture, there is transparency, processes are citizen friendly and development friendly, and processes are re-engineered for efficiency.**

एक **भारत-श्रेष्ठ भारत** पर बोलते हुए प्रधानमंत्री कहते हैं

ये सरकार एक भारत-श्रेष्ठ भारत का सपना लेकर चल रही है। समस्याओं को देखने का तरीका कैसा हो, इस पर हमारे सोचने का ढ़ंग बिल्कुल अलग है। बहुत साल तक देश में अंग्रेजी-हिंदी पर संघर्ष होता रहा। हिंदुस्तान की सभी भाषाएं हमारी अमानत हैं। ध्यान दिया गया कि सभी भाषाओं को एकता के सूत्र में कैसे बांधा जाए। एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम में दो-दो राज्यों की पेरिंग (pairing)कराई और अब राज्य एक दूसरे की सांस्कृतिक विविधता के बारे में जान रहे हैं।

अपनी **सरकार के कामकाज के अलग तरीके** पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री कहते हैं,

परिवर्तन को लेकर हमारा दृष्टिकोण बिल्कुल नया है और तरीका अलग है। इसलिए रिफॉर्म  या डिस्रप्शन जैसे शब्द इन सब बातों के लिए छोटा पड़ रहा है। ये व्यवस्थाओं को ध्वस्त करने वाली सोच नहीं है। ये कायाकल्प है जिससे इस देश की आत्मा अक्षुण्ण रहे, व्यवस्थाएं समय के अनुकूल होती चलें। यही 21वीं सदी के जनमानस का मन है। इसलिए किसी भी बदलाव के लिए जिम्मेवार देश के सवा सौ करोड़ हिन्दुस्तानी हैं। अब भी पुराने तरीके से सोचने वाले कुछ लोगों को लगता है कि सत्ता के गलियारे से ही दुनिया बदलती है। ऐसा सोचना गलत है।

**सरकार की कार्य संस्कृति** में बदलाव के बारे बताते हुए प्रधान मंत्री कहते हैं,

हमने समयबद्ध कार्यान्वयन (time bound implementation) और समग्र सोच (Integrated thinking) को सरकार की कार्य-संस्कृति के साथ जोड़ा है। हमारे काम करने का ऐसा तरीका हो, जहाँ सिस्टम में ट्रांसपेरेंसी हो, प्रोसेसेस को सिटीजन फ्रेंडली  और डेवलपमेंट फ्रेंडली बनाया जाए, एफिशिएंसी (efficiency) लाने के लिए प्रोसेस को री-इंजीनियर (re-engineer) किया जाए।

On the matter of economic growth and development, Prime Minister Narendra Modi pointed out some important facts and figures. He said, "Today India is one of the fastest growing economies of the world.

**India has been chosen in the World Investment Report as one of the top 3 prospective host economies.**

**In 2015-16 there was a record investment of more than 55 billion dollars.**

**In 2 years, India has jumped up by 32 places in the World Economic Forum's Global Competitiveness Index.**

**Make In India has become India's biggest initiative. India is now the world's sixth biggest manufacturing country.**

He also weighed in on the Goods and Services Tax that was recently in discussion. The Prime Minister said, "Our government stresses on cooperative federalism. GST is a product of deliberative democracy in which there was extensive dialogue with states. While progress on GST is an important outcome, the process of finding consensus itself was an equally important part. This is a decision which has happened through common consensus. All states have combined ownership. This may look disruptive to some but GST has taken our federal structure to new heights."

He said, "Sabka Saath Sabka Vikas is not just a slogan but we are demonstrating it by living it."

Outlining some innovative and holistic measures the government took on the labour laws, he said, "For years now, it had been become conventional wisdom to think labour laws are an impediment to progress. On the other hand, it has also been conventional wisdom to say anyone who reforms labour laws in anti-labour. These are extreme binaries. Nobody gave a thought to taking a holistic approach that brings together the employer, employee and apprentice.

To comply with various labour laws earlier employers had to fill out 56 different registers. The same information was being filled in many different registers. Last month, the government notified that employers no longer need to fill out 56 registers to comply with labour laws but only have to maintain 5. This will boost ease of doing business for industrialists." The job market and jobs are an important part of the economy. The Prime Minister also spoke at length on how meaningful measures have been taken. He said, "Expansion of the job market is also an important matter for the government. Along with public and private sector, the government's attention is also on the Personal sector.

» Under the MUDRA programme, loans are being given to the youth without bank guarantees. In the last two and a half years, more than 6 crore people have availed loans worth more than Rs 3 lakh crore.

» States have also been advised towards enabling general stores and common establishments to stay open all 365 days of the year.

» For the first time, a Skill Development ministry has been created and it is working with a detailed plan.

» Pradhan Mantri Rozgar Protsahan Yojana and income tax exemptions have encouraged formal employment.

» The Apprentice Act has been improved to increase the number of apprentices and also to increase the stipend they get during apprenticeship."

देश की आर्थिक प्रगति और विकास के बारे में प्रधान मंत्री ने बताया, आज भारत दुनिया की तेजी से विकसित होती अर्थ-व्यवस्थाओं में से एक है। साथ ही इस संबंध में उन्होंने कुछ महत्वपूर्ण तथ्य और आंकड़े भी बताए।

वर्ल्ड इन्वेस्टमेंट रिपोर्ट में भारत को दुनिया की टॉप तीन प्रॉस्पेक्टिव होस्ट इकोनोमी में आंका गया है। वर्ष 2015-16 में 55 बिलियन डॉलर से ज्यादा का रिकॉर्ड निवेश हुआ।

वर्ष 2015-16 में **55 बिलियन डॉलर** से ज्यादा का रिकॉर्ड निवेश हुआ।

दो सालों में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के ग्लोबल कम्पटीटिवनेस इन्डेक्स में भारत **32 स्थान** ऊपर उठा है।

**मेक इन इंडिया** आज भारत का सबसे बड़ा इनीशिएटिव बन चुका है। आज भारत **दुनिया का छठा सबसे बड़ा मैन्यूफैक्चरिंग देश** है।

उन्होंने वस्तु और सेवा कर, जो आजकल चर्चा में है, पर जोर देते प्रधान मंत्री ने कहा, 'हमारी सरकार कोओपरेटिव फेडरेलिज्म पर जोर देती है। जीएसटी आज जहां तक पहुंचा है, वो डेलीबरेटिव डेमोक्रेसी का परिणाम है जिसमें हर राज्य के साथ संवाद हुआ। जीएसटी पर सहमति होना एक महत्वपूर्ण आउटकम है। लेकिन इसकी प्रक्रिया भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। ये ऐसा निर्णय है जो आम सहमति से हुआ है। सभी राज्यों ने मिलकर इसकी ऑनरशिप ली है। आपके नजरिए से ये डिसरपटिव हो सकता है, लेकिन जीएसटी दरअसल फेडरल स्ट्रक्चर (Federal structure) के नई ऊँचाई पर पहुंचने का सबूत है।

उन्होंने कहा, 'सबका साथ-सबका विकास सिर्फ नारा नहीं है, इसे जी कर दिखाया जा रहा है।' उनके मुताबिक श्रम कानूनों पर सरकार ने कुछ अभिनव और समग्र प्रयास प्रारंभ किए हैं। उनके मुताबिक, ‛ हमारे देश में वर्षों से माना गया कि लेबर लॉज विकास में बाधक हैं। दूसरी तरफ ये भी माना गया कि लेबर लॉज में सुधार करने वाले एंटी-लेबर हैं। यानि दोनों एक्सट्रीम स्थिति थी। कभी ये नहीं सोचा गया कि इम्प्लायर, इम्प्लाई और एस्पीरेन्ट्स तीनों के लिए एक होलिस्टिक अप्रोच लेकर कैसे आगे बढ़ा जाए। देश में अलग-अलग श्रम कानूनों के पालन के लिए पहले एम्पलॉयर को 56 अलग-अलग रजिस्टरों में जानकारी भरनी होती थी। एक ही जानकारी बार-बार अलग-अलग रजिस्टरों में भरी जाती थी। अब पिछले महीने सरकार ने नोटिफाई किया है कि एम्पल०यर को लेबर ल०ज के तहत 56 नहीं सिर्फ 5 रजिस्टर मैन्टैन करने होंगे। ये बिजनेस को ईजी करने में उद्यमियों की बड़ी मदद करेगा।'

जॉब मार्केट और रोजगार अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। प्रधान मंत्री ने भी इस दिशा में उठाए गए सार्थक उपायों के बारे में विस्तार से बताया है। उन्होंने कहा

जॉब मार्केट के विस्तार पर भी सरकार का पूरा ध्यान है। पब्लिक सेक्टर, प्राइवेट सेक्टर के साथ ही सरकार का जोर पर्सनल सेक्टर पर भी है।

- मुद्रा योजना के तहत नौजवानों को बिना बैंक गारंटी कर्ज दिया जा रहा है। पिछले ढाई वर्षों में छह करोड़ से ज्यादा लोगों को मुद्रा योजना के तहत तीन लाख करोड़ से ज्यादा कर्ज दिया गया है।
- सामान्य दुकानें और संस्थान साल में पूरे 365 दिन खुले रह सकें उसके लिए भी राज्यों को सलाह दी गई है।
- पहली बार कौशल विकास मंत्रालय बनाकर इस पर पूरी प्लानिंग के साथ काम हो रहा है।
- प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना और इनकम टैक्स में छूट के माध्यम से औपचारिक रोजगार को बढ़ावा दिया जा रहा है।
- इसी तरह अप्रेन्टिसशिप एक्ट में सुधार करके अप्रेन्टिसों की संख्या बढ़ाई गई है और अप्रेन्टिस के दौरान मिलने वाले स्टाईपेंड में भी बढोतरी की गई है।

Stressing on the importance of people's power in transforming India, he said,

> **Jan Shakti is more powerful than the strength of the government. Without taking people along it is impossible to run our vast country. Without taking the Jan Shakti of our nation along it is impossible to move ahead. The post-Deepavali crackdown on corruption and black-money has showed us an example of Jan Shakti, the kind of which has been seen only in times of war or strife. This Jan Shakti is coming together because people want to end the prevailing evils within, defeat weaknesses and move ahead towards making a New India.**

Under **Swachh Bharat** there are more than **4 crore toilets** built and more than 100 villages have been declared free of open defecation - is a testament to the power of Jan Shakti.



More than **1 crore** people have voluntarily given up **Gas subsidy** is another demonstration of the power of Jan Shakti

Expanding further on the government's focus on transformation and accelerated delivery, he said,

> **It is important that there is respect for people's opinions and understanding of people's aspirations while taking decisions in national interest. It is also important that these decisions are taken to their logical conclusion in good time.**

When we started Jan Dhan Yojana, we said we will connect the poor with the banking system. Under this programme, so far 27 crore poor people have had bank accounts opened for them.

In the same way, we targeted providing 5 crore poor households with deposit-free gas connections. Within just 10 months of setting this target we have already provided about 2 crore poor households with gas connections.

We had said that in 1000 days, electricity would reach those 18000 villages which had never seen electricity even after 70 years of independence. In just 650 days more than 12000 village have already been electrified.

Wherever there was a need to change rules or laws, it was done. Wherever there was a need for them to be scrapped, even that was done. So far, about 1100 old laws have been scrapped.



भारत में बदलाव के लिए **जनशक्ति के महत्व पर बल** देते हुए उन्होंने कहा,

"सरकार की शक्ति से जनशक्ति ज्यादा महत्वपूर्ण है। बिना देश के लोगों को जोड़े, इतना बड़ा देश चलाना संभव नहीं है। बिना देश की जनशक्ति को साथ लिए आगे बढ़ना संभव नहीं है। दीवाली के बाद कालेधन और भ्रष्टाचार के खिलाफ हुई कार्रवाई के बाद आप सभी ने जनशक्ति का ऐसा उदाहरण देखा है, जो युद्ध के समय अथवा संकट के समय ही दिखता है। ये जनशक्ति इसलिए एकजुट हो रही है क्योंकि लोग अपने देश के भीतर व्याप्त बुराइयों को खत्म करना चाहते हैं, कमजोरियों को हराकर आगे बढ़ना चाहते हैं, एक न्यू इंडिया बनाना चाहते हैं।"

स्वच्छ भारत

एक कदम स्वच्छता की ओर

**स्वच्छ भारत अभियान** के तहत देश में 4 **करोड़** से ज्यादा शौचालय बने हैं, 100 से ज्यादा जिले खुले में शौच से मुक्त घोषित हुए हैं तो ये इसी **जनशक्ति की एकजुटता** का प्रमाण है।



**एक करोड़** से ज्यादा लोग **गैस सब्सिडी** का फायदा उठाने से खुद इनकार कर रहे हैं तो ये इसी जनशक्ति का उदाहरण है।

**परिवर्तन और त्वरित डिलीवरी** पर सरकार के प्रयासों पर जोर देते हुए उन्होंने कहा,

"यह आवश्यक है कि जनभावनाओं का सम्मान हो और जनआकांक्षाओं को समझते हुए देशहित में फैसले लिए जाएं और उन्हें समय पर पूरा किया जाए।"

जब सरकार ने जनधन योजना शुरू की तो कहा था कि देश के गरीबों को बैंकिंग सिस्टम से जोड़ेंगे। इस योजना के तहत अब तक 27 करोड़ गरीबों के बैंक अकाउंट खोले जा चुके हैं।

इसी तरह सरकार ने लक्ष्य रखा कि तीन वर्ष में देश के 5 करोड़ गरीबों को मुफ्त गैस कनेक्शन देंगे। सिर्फ 10 महीने में ही लगभग दो करोड़ गरीबों को गैस कनेक्शन दिए भी जा चुके हैं।

सरकार ने कहा था एक हजार दिन में उन 18 हजार गांवों तक बिजली पहुँचाएंगे, जहां आजादी के 70 साल बाद भी बिजली नहीं पहुंची। लगभग 650 दिन में ही 12 हजार से ज्यादा गांवों तक बिजली पहुंचाई जा चुकी है।

जहां नियम-कानून बदलने की जरूरत थी, वहां बदले गए और जहां समाप्त करने की जरूरत थी, वहां समाप्त किए गए। अब तक 1100 से ज्यादा पुराने कानूनों को खत्म किया जा चुका है।



Dial **1922** to give suggestions for Mann ki Baat

सत्यमेव जयते | myGOV मेरी सरकार

www.mygov.in

The Prime Minister also mentioned some interesting instances of his government doing away with unnecessary earlier traditions that were impeding good governance. He said, "For ages now, the budget has been presented at 5 PM in the evening. This system was made by the British because when it is 5 PM in India it is 11:30 AM in Britain. Atal ji changed this.

» This year, everyone witnessed that the budget presentation was advanced by a month. This is big change from the implementation viewpoint. Earlier the budgets were presented at the end of February and it used to take months after that for money to reach recipient departments. Then due to the monsoon the work would get delayed even more. Now various departments will get their allocated money on time for their programmes.

» There was an artificial partition in the budget between plan and non-plan. Emphasis was laid on new matters with an eye on staying in the headlines and older matters were neglected. On the ground this bred a lot of imbalance. We have ended this artificial division and made a big transformation.

» Railway Budget was also fused into the Common Budget this year. The system of having a different Railway Budget was also that of British times. Now the dimensions of transport have changed. There is rail, road, aviation, waterway and sea-route. These have to be thought about in an integrated manner. This step of fusing the budgets will foster a technological revolution in the transportation sector."

On the matter of hastening the delivery of projects and their implementation, Prime Minister Narendra Modi said,

"The policies, decisions and intentions of the government have been seen by all in the last two and a half years. It is my conviction that this is the correct approach to take New India to great heights in the 21st century and strengthen the foundations of a New India.

Governments have often approached work only in terms of lighting lamps and cutting ribbons. This was considered work and nobody got offended by it either. You may be surprised to know that there have been over 1500 new projects that were announced but are still just residing in files. There have been many big projects stuck in this manner. Now here is a system to properly monitor these projects – PRAGATI, meaning Pro-Active Governance and Timely Implementation.

All secretaries from central departments and chief secretaries from states connect to me via video conferencing in the Prime Minister's Office. There is a pre-prepared list of projects that have been stuck. Scrutiny of projects worth over **Rs 8 lakh crores** has already happened in these meetings. More than **150 stuck projects** that are important for the nation have been pushed and their pace has accelerated.

Our focus is on **Next Generation Infrastructure for the nation**. In the last **3 budgets** rail and road have received highest funds. Consistent attention is being paid towards **enhancing capacity**. This is the reason there has been a marked increase in the average speed of work in both these sectors.

प्रधान मंत्री ने अपनी सरकार की कार्य-संस्कृति के कुछ दिलचस्प उदाहरणों का भी उल्लेख किया है जो पहले की अनावश्यक परंपराओं को दूर कर सुशासन को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा, 'सालों तक देश में बजट शाम को 5 बजे पेश होता था। ये व्यवस्था अंग्रेजों ने बनाई थी क्योंकि भारत में शाम का 5 बजे ब्रिटेन के हिसाब से सुबह का साढ़े 11 बजे होता था। अटल जी ने इसमें बदलाव किया।

इस वर्ष आपने देखा है कि बजट को एक महीना पहले पेश किया गया। इम्प्लिमेन्टेशन की दृष्टि से ये बहुत बड़ा परिवर्तन है। वरना इससे पहले फरवरी के आखिर में बजट आता था और विभागों तक पैसे पहुंचने में महीनों निकल जाते थे। फिर इसके बाद मॉनसून की वजह से काम में और देरी होती थी। अब विभागों को उनकी योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि समय पर मिल जाएगी।

इसी तरह बजट में प्लान, नॉन-प्लान का कृत्रिम बंटवारा (artificial partition)था। सुर्खियों में आने के लिए नई- नई चीजों पर जोर दी जाती थी और जो पहले से चला आ रहा है, उसे नजरअंदाज किया जाता था। इस वजह से धरातल पर बहुत असंतुलन था। इस कृत्रिम डिविजन को खत्म करके हमने बहुत बड़ा बदलाव करने का प्रयास किया है।

इस बार आम बजट में रेलवे बजट का भी विलय किया गया। अलग से रेल बजट पेश करने की व्यवस्था भी अंग्रेजों की ही बनाई हुई थी। अब ट्रांसपोर्ट के आयाम बहुत बदल चुके हैं। रेल हैं, रोड हैं, एविएशन हैं, वॉटर वे, समुद्री मार्ग हैं, इन सभी पर समग्र तरीके से सोचना आवश्यक है। सरकार का ये कदम ट्रांसपोर्टेशन सेक्टर में टेक्नोलॉजीकल रिवलूशन का आधार बनेगा।

परियोजनाओं के कार्यान्वयन और उनके वितरण को तेज करने के संबंध में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'पिछले ढाई वर्षों में आपने सरकार की नीति-निर्णय और नीयत, तीनों देखी है। मैं मानता हूं न्यू इंडिया के लिए यही एप्रोच 21वीं सदी में देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी, न्यू इंडिया की नींव और मजबूत करेगी। हमारे यहां ज्यादातर सरकारों की एप्रोच रही है- दीये जलाना, रिबन काटना, और इसे भी कार्य ही माना गया, कोई इसे बुरा भी नहीं मानता था। आपको ये जानकर हैरानी होगी कि हमारे देश में 1500 से ज्यादा नए प्रोजेक्ट्स की घोषणा तो हुई लेकिन वो सिर्फ फाइलों में ही दबे रहे। ऐसे ही कई बड़े-बड़े प्रोजेक्ट बरसों से अटके हुए हैं। अब परियोजनाओं की प्रॉपर मॉनिटरिंग के लिए एक व्यवस्था डेवलप की गई है- 'प्रगति' यानि प्रो-एक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इमपलिमेंटेशन (Pro&Active Governance and Timely Implementation)।

प्रधानमंत्री कार्यालय में मैं बैठता हूँ और सारे केंद्रीय विभागों के सचिव, सारे राज्यों के चीफ सेक्रेट्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ते हैं। जो प्रोजेक्ट रुके हुए हैं उनकी पहले से ही एक लिस्ट तैयार की जाती है। अब तक 8 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की परियोजनाओं की समीक्षा प्रगति की बैठकों में हो चुकी है। देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण 150 से ज्यादा बड़े प्रोजेक्ट, जो बरसों से अटके हुए थे, उनमें अब तेजी आई है।

देश के लिए नेक्स्ट जेनेरेशन इंफ्रास्ट्रक्चर पर सरकार का फोकस है। पिछले 3 बजट में रेल और रोड सेक्टर को सर्वाधिक पैसा दिया गया है। उनके काम करने की क्षमता बढ़ाने पर भी लगातार नजर रखी जा रही है। यही वजह है कि रेल और रोड, दोनों ही सेक्टर में काम करने की जो औसत स्पीड थी, उसमें काफी बढोतरी हुई है।

The following two examples show that this government moves not with a tunnel vision but with total vision.

Earlier railway electrification was going on at a slow pace. The government gave momentum to the route-electrification programme of railways. This resulted in decrease in cost of running railways and also ensured proper use of available electricity. Railways was also given open access facility under the Electricity Act. Thus, railways also incur cost savings on the electricity being bought by them. Earlier distribution companies used to oppose this and railways ended up paying higher prices to buy power.

Earlier, power plants and coal linkages were designed in a haphazard manner – if the plant is in the North, then the coal would come from Central India or coal from North or East used to go to plants in the West. Power plants had to spend more on transportation of coal and the prices of electricity would be high. We rationalized coal linkages which reduced transportation time as well as cost. Electricity became much cheaper.

Permissions for Rail Over Bridge to allow roads to be taken below the railway tracks used to get stuck for months due to lack of permission from railways. There would be months wasted on deliberating over the design of the rail over bridge. This government has brought in a Uniform Design for rail over bridge and if the proposal is based on this design then the NOC is given immediately."

He spoke at length on the reforms in the power and coal sectors that are critical to a nation's progress. The Prime Minister said, "The availability of electricity is at the core of the nation's economic progress. Our government has worked holistically in the Power sector and has achieved success. We have added 46,000 MW generation capacity. Generation capacity has increased about 25%. Transparent coal auctions and ensuring availability of coal for our power plants have been our priorities.

Now there is no thermal plant that is in a critical state in terms of coal availability. Critical state means having coal stocks worth less than 7 days. There used to be headlines earlier that there is a crisis in the electricity sector in the nation and that power plants are running out of coal.

**When was the last time you saw such breaking news? You probably don't remember.**

In the first **2 years of the government** about 50,000 circuit kilometres transmission lines were laid. Compare it with **16000 circuit kilometres transmission lines** in **2013-14**.

Government DISCOMs have been given a **new lease of life** due to our **UDAY scheme**. The availability of electricity has increased due to all these measures and the cost has gone down.

Through the **Vidyut Pravah app** one can see the quantum of electricity available and its price.

We are also pushing clean energy. The target is generation of 1**75 Gigawatts** of **renewable energy** against which we have already reached **50 Gigawatts**.

India has reached the **4th position in the world** in terms of **Global Wind Power** Installed Capacity.

Along with more power generation the government is also keen on **reducing consumption**. About **22 crore LED bulbs** have been distributed towards this.

This has resulted in **reduction of pollution** and also saves **Rs 11000 crore** every year for the people."

ये दो उदाहरण स्पष्ट करते हैं कि सरकार **टनल विजन नहीं, टोटल विजन** को ध्यान में रखते हुए काम कर रही है।

पहले रेलवे के इलेक्ट्रिफिकेशन का काम धीमी गति से चलता था। सरकार ने रेलवे के रूट-इलेक्ट्रिफिकेशन कार्यक्रम को गति दी। इससे रेल के चलाने के खर्च में कमी आई और देश में ही उपलब्ध बिजली का उपयोग हुआ। इसी तरह रेलवे को इलेक्ट्रिसिटी एक्ट के अंतर्गत ओपन ऐक्सेस की सुविधा दी गई। इस कारण से रेलवे द्वारा खरीदी जा रही बिजली के ऊपर भी रेलवे को बचत हो रही है। पहले बिजली वितरण कंपनियां इसका विरोध करती थीं जिससे रेलवे को उनसे मजबूरन महंगे दाम पर बिजली खरीदनी पड़ती थी। अब रेलवे कम दाम पर बिजली खरीद सकती है।

पहले पावर प्लांट्स और कोल की लिन्केज इस तरीके से थी कि अगर प्लांट उत्तर में है तो कोयला मध्य भारत से आएगा और उत्तर या पूर्व भारत से कोयला पश्चिम भारत में जाएगा। इस कारण पावर प्लांट्स को कोयले के ट्रांसपोर्टेशन पर ज्यादा पैसा खर्च करना पड़ता था और बिजली महंगी होती थी। हमने कोल लिंकेज का रेशनलाइजेशन किया जिससे ट्रांसपोर्टेशन खर्च और समय दोनों में कमी आई और बिजली सस्ती हुई।

जैसे रेलवे ट्रैक के नीचे से सड़क ले जाने के लिए रेल अ०वर ब्रिज बनाने के लिए महीनों तक रेलवे से ही परमिशन नहीं मिलती थी। महीनों तक इसी बात पर माथापच्ची चलती थी कि रेल ऑवर ब्रिज का डिजाइन क्या हो। अब इस सरकार में रेल ऑवर ब्रिज के लिए यूनिफॉर्म डिजाइन बनाई गई है और प्रोपोजल इस डिजाइन के आधार पर होता है तो तुरंत एनओसी दे दी जाती है।

राष्ट्र की प्रगति के लिए ऊर्जा और कोयले के क्षेत्र में सुधार की महत्ता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, 'बिजली उपलब्धता देश के आर्थिक विकास की पूंजी है। जब से हमारी सरकार आई है, हम पावर सेक्टर पर होलिस्टिकली काम कर रहे हैं और सफल भी हो रहे हैं। 46 हजार मेगावॉट की जनरेशन कपैसिटी को जोड़ा गया है। जनरैशन कपैसिटी करीब 25 प्रतिशत बढ़ी है। कोयले का ट्रांसपेरेंट रूप से ऑक्शन करना और पावर प्लांट को कोयला उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता रही है।

आज ऐसा कोई थर्मल प्लांट नहीं है, जो कोयले की उपलब्धता की दृष्टि से क्रिटिकल हो। क्रिटिकल यानि, कोयले की उपलब्धता 7 दिन से कम की होना। एक समय बड़ी-बड़ी ब्रेकिंग न्यूज चलती थी कि देश में बिजली संकट गहरा गया है- पावर प्लांट के पास कोयला खत्म हो रहा है।

पिछली बार कब ये वाली ब्रेकिंग न्यूज चलाई थी? आपको याद नहीं होगा। ये ब्रेकिंग न्यूज अब आपके आर्काइव में पड़ी होगी।

सरकार के पहले दो सालों में 50 हजार सर्किट किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइन बनाई गईं। जबकि 2013-14 में 16 हजार सर्किट किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइन बनाई गई थीं।

सरकारी बिजली डिस्ट्रिब्यूशन कंपनियों को हमारी उदय स्कीम द्वारा एक नया जीवन मिला है। इन सभी कामों से बिजली की उपलब्धता बढ़ी है और कीमत भी कम हुई है।

आज एक ऐपदृ विद्युत प्रवाह के माध्यम से देखा जा सकता है कि कितनी बिजली, कितनी कीमत पर उपलब्ध है।

सरकार क्लीन एनर्जी पर भी जोर दे रही है। लक्ष्य 175 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा के उत्पादन का है जिसमें से अब तक 50 गीगावॉट यानी पचास हजार मेगावॉट क्षमता हासिल कर ली गई है।

भारत ग्लोबल विंड पावर इन्स्टॉल्ड केपेसिटी के मामले में विश्व में चौथे नंबर पर पहुंच गया है।

सरकार का जोर बिजली उत्पादन बढ़ाने के साथ ही बिजली की खपत कम करने पर भी है। देश में अब तक लगभग 22 करोड़ स्म्क बल्ब बांटे जा चुके हैं।

इससे बिजली की खपत में कमी आई है, प्रदूषण में कमी आई है और लोगों को 11 हजार करोड़ रुपए प्रतिवर्ष की अनुमानित बचत हो रही है।



Prime Minister Narendra Modi also spoke on the critical matter of democratising Digital India and providing access to everyone to a digital world. He said,

> **"The work to connect 2.5 lakh gram panchayats across the nation with optical fibre was started in 2011. Between 2011 and 2014, only 59 gram panchayats were enabled with optical fibre cables. One can imagine how much time it would take to connect 2.5 lakh gram panchayats at this pace. We brought necessary changes in the process and readied a mechanism to resolve existing problems. In the last two and a half years more than 76,000 gram panchayats have been connected with optical fibre. Along with it, preparations are being made to provide wifi hotspots in every gram panchayat so that people can easily access this facility. It is also being ensured that this reaches schools, hospitals and police stations."**

He also pointed out some specific small but impactful delivery points that made a difference in the lives of common people. The Prime Minister said, "With the same resources that earlier governments had we are delivering through the change in work culture and pace of progress.

- Before 2014, it used to take 15 days to incorporate a company. Now it takes just 24 hours.
- Earlier income tax refunds used to take months to come, but now it happens in a few weeks.
- Earlier getting passport made was a process of many months. Your passport now reaches you in a week.

We consider technology and good governance as a support system in Empowerment Of Poor."

On a topic close to his heart, Farmer Welfare, the Prime Minister outlined a vision of Beej Se Bazaar Tak. He said, "The government is working towards doubling farmer incomes. For this the government is with the farmer in every stage – Beej Se Bazaar Tak.




- Farmers are being given good quality seeds.
- To ensure water for every field the Pradhan Mantri Krishi Sinchayee Yojana has been started.
- Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana has ensured coverage of risks that were not covered earlier.
- This apart, soil health cards are being given to farmers and shortage of urea is unheard of now.
- To ensure farmers get the correct price for their produce, under the e-NAM programme more 580 markets all over the nation are being connected. Storage and supply chains are being strengthened."

प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने **डिजिटल भारत** के लोकतांत्रिककरण और डिजिटल के इस्तेमाल के महत्वपूर्ण मुद्दे पर भी बात की और उन्होंने कहा,

> "देश भर की ढाई लाख पंयाचतों को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ने के लिए 2011 में काम शुरू किया गया था। लेकिन 2011 से 2014 के बीच सिर्फ 59 ग्राम पंचायतों तक ही ऑप्टिकल फाइबर केबल डाली गई थी। इस रफ्तार से ढाई लाख पंचायतें कब जुडतीं, आप अंदाजा लगे सकते हैं। सरकार ने प्रक्रिया में जरूरी बदलाव किए, जो समस्याएं थीं, उन्हें दूर करने का मेकेनिज्म (mechanism) तैयार किया। पिछले ढाई वर्षों में 76 हजार से ज्यादा ग्राम पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ा जा चुका है। साथ ही अब हर ग्राम पंचायत में वाईफाई हॉट-स्पॉट देने की व्यवस्था की जा रही है, ताकि गाँव के लोगों को आसानी से ये सुविधा मिल सके। ये भी ध्यान दिया जा रहा है कि स्कूल, अस्पताल, पुलिस स्टेशन तक भी ये सुविधा पहुँचे।"

उन्होंने कुछ विशिष्ट छोटे लेकिन प्रभावशाली डिलीवरी पॉइंट्स की भी चर्चा की जो आम लोगों के जीवन को प्रभावित करते हैं। प्रधान मंत्री ने कहा, 'साधन वहीं हैं, संसाधन वही हैं, लेकिन काम करने का तरीका बदल रहा है, रफ्तार बढ़ रही है।

- 2014 से पहले एक कंपनी को इन्कॉर्पैरेट करने में 15 दिन लगते थे, अब सिर्फ 24 घंटे लगते हैं।
- पहले इन्कम टैक्स रिफंड आने में महीनों लग जाते थे, अब कुछ हफ्ते में आ जाता है।
- पहले पासपोर्ट बनने में भी कई महीने लग जाते थे, अब एक हफ्ते में पासपोर्ट आपके घर पर होता है।

हमारे लिए टेक्नोलॉजी सुशासन के लिए सपोर्ट सिस्टम तो हैं ही इमपॉवरमेंट ऑफ पुअर के लिए भी है।

अपने दिल के बेहद करीबी विषय किसान कल्याण पर बोलते हुए प्रधान मंत्री ने 'बीज से बाजार तक' पर अपने दृष्टिकोण का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, सरकार देश के किसानों की आय दोगुनी करने के उद्देश्य से काम कर रही है। इसके लिए बीज से लेकर बाजार तक सरकार हर स्तर पर किसान के साथ खड़ी है।




- किसानों को अच्छी क्वालिटी के बीज दिए जा रहे हैं
- हर खेत तक पानी देने के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना शुरू की गई है।
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत ऐसे रिस्क कवर किए गए हैं जो पहले नहीं होते थे।
- इसके अलावा किसानों को सॉयल हेल्थ कार्ड दिए जा रहे हैं, यूरिया की किल्लत अब पुरानी बात हो गई है।
- किसानों को अपनी फसल का उचित दाम मिले इसके लिए e-NAM योजना के तहत देशभर की 580 से ज्यादा मंडियों को ऑनलाइन जोड़ा जा रहा है। स्टोरेज और सप्लाई चेन को मजबूत किया जा रहा है।

Speaking on the critical sector of Health, Prime Minister Narendra Modi mentioned the transformation that was happening. He said, "There's a lot of work being done at every level in the health sector.

- Vaccination of children, health and care for pregnant women, preventive healthcare, cleanliness and hygiene have all been given importance in the programmes we have implemented.
- We also approved the National Health Policy very recently.
- A roadmap has been prepared to make the healthcare system accessible to every citizen.
- The government is also looking at ways to ensure that at least 2.5% of the nation's GDP is spent on healthcare in the near future.
- Currently more than 70% of the medical devices and equipment are imported. Under Make In India, we are looking to encourage local manufacturing of such devices such that the costs of treatment reduce considerably."

On the delicate matter of Divyangs, a word that he has popularized as a sensitive way of referring to them, the Prime Minister said, "We are also prioritizing social infrastructure. We are working for the Divyang people with devotion and commitment.

- Nationwide about 5,000 camps have been organized to distribute necessary assisting equipment and tools to more than 6 lakh Divyang people. These camps are reaching even Guinness Book.
- Keeping in mind the difficulties Divyang people face while moving around in hospitals, railway stations, bus stands and government offices, the Sugamya Bharat Abhiyan is being run.
- In government jobs, their reserved quota has been increased to 4% from 3%.
- Laws have also been changed to ensure the rights of Divyang people.
- Nationwide, we are pushing towards one common sign language for Divyang people."

Prime Minister Narendra Modi then went onto lay out a grand and expansive vision for our nation to achieve by 2022 – New India.

He said, "Our nation of 1.25 billion is filled with resources and there is no dearth of capabilities.

2022 is the 75th year of Indian Independence. By that year, can we all work together to give Mahatma Gandhi, Sardar Patel, Babasaheb Ambedkar and other heroes the India of their dreams?

We can all take pledges as families, organizations or as individuals - that in the coming 5 years the whole nation will unite to work together to achieve the dream of a New India.

The dream, pledge, time, dedication and success are all yours.

An India that is transforming dreams into reality

An India of new possibilities and new opportunities

The India of our self-esteem

**New India**

An India of prosperous fields and smiling farmers

Whose foundation mantra is Opportunities for All, Encouragement for All

An India where there is no need for generosity because there are opportunities for all

स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण क्षेत्र पर बोलते हुए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने उन प्रयासों का उल्लेख किया जिनसे देश में बदलाव आ रहा है। उन्होंने बताया, 'हेल्थ सेक्टर में भी हर स्तर पर काम किया जा रहा है।

बच्चों का टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य सुरक्षा, प्रीवेन्टिव हेल्थकेयर, स्वच्छता, इन सभी पहलूओं को ध्यान में रखते हुए योजनाएं लागू की गई हैं।

हाल ही में सरकार ने नेशनल हेल्थ पॉलिसी को स्वीकृति दी है।

एक रोडमैप तैयार किया गया है जिससे हेल्थकेयर सिस्टम को देश के हर नागरिक के लिए ऐक्सेसेबल बनाया जाएगा।

सरकार इस कोशिश में हैं कि आने वाले समय में देश की जीडीपी का कम से कम ढाई प्रतिशत स्वास्थ्य पर ही खर्च हो।

आज देश में 70 प्रतिशत से ज्यादा मेडिकल डिवाइसेस और इक्विप्मन्ट विदेश से आता है। अब प्रयास है कि मेक इन इंडिया के तहत लोकल मै. नुफेक्चरिंग को बढ़ावा दिया जाए ताकि इलाज और सस्ता हो।

दिव्यांग शब्द को उन्होंने बेहद संवेदनशील तरीके से लोकप्रिय किया है। दिव्यांग के नाजुक मसलों पर बोलते हुए प्रधान मंत्री ने कहा, 'सरकार का जोर सोशल इनफ्रास्ट्रक्चर पर भी है। हमारी सरकार दिव्यांग जनों के लिए सेवा भाव से काम कर रही है।

देशभर में लगभग 5 हजार कैंप लगाकर 6 लाख से ज्यादा दिव्यांगों को आवश्यक सहायता उपकरण दिए गए हैं। ये कैंप गिनीज बुक तक में दर्ज हो रहे हैं।

अस्पतालों में, रेलवे स्टेशन पर, बस स्टैंड पर, सरकारी दफ्तरों में चढ़ते या उतरते वक्त दिव्यांग जनों की मुश्किलों को ध्यान में रखते हुए सुगम्य भारत अभियान चलाया जा रहा है।

सरकारी नौकरी में उनके लिए आरक्षण भी 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 4 प्रतिशत कर दिया गया है।

दिव्यांगों के अधिकार सुनिश्चित करने के लिए कानून में भी बदलाव किया गया है।

देशभर में दिव्यांगों की एक ही क०मन साइन लैंग्वेज विकसित की जा रही है।

प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2022 तक नए भारत के निर्माण के लिए देश के समक्ष अपना भव्य और विशाल दृष्टिकोण को पेश किया। उन्होंने कहा, 'सवा सौ करोड़ लोगों का हमारा देश संसाधनों से भरा हुआ है, सामर्थ्य की कोई कमी नहीं है। 2022, देश जब आजादी के 75वें वर्ष में पहुँचेगा तब क्या हम सब मिल कर महात्मा गाँधी, सरदार पटेल, बाबासाहेब अंबेडकर और स्वराज्य के लिए अपना जीवन देने वाले अनगिनत वीरों के सपनों के भारत को साकार कर सकते है?

**हम में से प्रत्येक संकल्प लें – परिवार हो, संगठन हो, इकाइयों हो – आने वाले पाँच साल पूरा देश संकल्पित होकर नये भारत, न्यू इंडिया के सपने को साकार करने में जुट जाए।**

**सपना भी आपका, संकल्प भी, समय भी आपका, समर्पण भी आपका और सिद्धि भी आपकी।**

सपनों से हकीकत की ओर बढ़ता भारत।

जहां उपकार नहीं, अवसर होंगे

नयी संभावनाओं, नये अवसरों का भारत।

**न्यू इंडिया**

लहराते खेत, मुस्कुराते किसानों का भारत।

आपके हमारे स्वाभिमान का भारत।

जिसकी नींव का मंत्र, सभी को अवसर, सभी को प्रोत्साहन

# Health For All - Bold and expansive vision outlined in National Health Policy 2017

Prime Minister Narendra Modi's vision on healthcare has always been comprehensive - ranging from preventive healthcare to treatment of ailments, from hygiene and sanitation to making medicines accessible. The Union Cabinet approved the National Health Policy 2017, which is directed to increase public healthcare expenditure to 2.5% of India's GDP with more than two-thirds of those resources going towards primary healthcare. The policy will spread quality healthcare across the country, particularly to the poor and underprivileged.

Prime Minister Narendra Modi had earlier constituted a group of ministers to finalise policy contours. On the floor of the house, it was Union Health Minister JP Nadda who explained the specifics of the policy. He said, "The policy envisages a time-bound implementation framework with clear deliverable and milestones to achieve the policy goals." He then proceeded to lay out the specifics of the policy, which are of much importance in terms of the developmental changes that it plans to introduce.



The policy envisages providing a larger package of assured comprehensive primary healthcare through 'Health and Wellness Centers'. This comprehensive package includes care for major non-communicable diseases (NCDs), mental health, geriatric healthcare, palliative care and rehabilitative care services.

The policy also plans to look at the reforms in the existing regulatory systems both for easing the manufacturing process of drugs and devices to promote the 'Make in India' campaign, and also for reforming medical education. The policy also advocates the development of mid-level service providers, nurse practitioners, and the public health cadre to improve the availability human resource in this field.

In order to provide access and financial protection, it proposes free drugs, free diagnostics and free emergency and essential healthcare services in all public hospitals. In this light, it further aims to ensure the availability of 2 beds per 1000 population to be distributed in a manner that enables access within the 'golden hour'. In terms of the bigger highlights of the policy, it proposes to increase life expectancy from 67.5 to 70 years by 2025. It also proposes to establish as system of regular tracking of the Disability Adjusted Life Years Index (DALY) as a measure of burden of disease and its trends in accordance to major categories by 2022.

On top of that, the policy plans to reduce the mortality rate of children under the age of 5 years to 23 (per 1000) by 2025 and maternal mortality rate (MMR) from current levels down to 100 (per 1000) by 2020, along with reduction in infant mortality rate to 28 by 2019, reduction in neo-natal mortality to 16 and still birth rate to a 'single digit' by 2025. Through these measures, it also proposes the reduction of total fertility rate (TFR) to 2.1 at national and sub-national level by 2025.

The last policy promised to increase public spending on health to 2% of the total GDP, which could not be achieved. Before the announcement of the policy, public spending on health was just about 1% of the total GDP. The hallmark of this new policy is that of tax-based financing to raise public expenditure and increase in the budget outlay on health with two-third spending on the primary health sector. Considering India has set Sustainable Development Goal targets for 2030, this policy comes at a most important time.

# मुख्य समाचार

## सभी के स्वास्थ्य का ख्याल:राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 की व्यापक परिकल्पना

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 को मंजूरी दे दी है, जिसका उद्देश्य जन स्वास्थ्य व्यय को देश के जीडीपी का 2.5% तक बढ़ाना है, जो प्राथमिक स्वास्थ्य पर खर्च किए जा रहे संसाधनों की दो-तिहाई से अधिक है। इस नीति से देश के कोनों-कोनों में विशेष रूप से पिछड़े क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा पहुंचाई जा सके। इस नीति को अंतिम रुप देने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने मंत्रियों के एक समूह का गठन किया था। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने सदन में इस नीति की विशेषताओं को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, 'इस नीति के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समयबद्ध कार्यान्वयन की रूपरेखा और कार्य के स्पष्ट लक्ष्यों व प्राथमिकताओं की परिकल्पना की गई है।' इस नीति के विशेषताओं को बताते हुए उन्होंने कहा, यह योजना विकासात्मक परिवर्तनों के संदर्भ में बेहद महत्वपूर्ण हैं।



नीति में 'स्वास्थ्य और आरोग्यता केंद्र' के माध्यम से सुनिश्चित व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल का बड़ा पैकेज प्रदान करने की परिकल्पना की गई है । इस व्यापक पैकेज में असंक्रामक रोग, मानसिक स्वास्थ्य, बुजुर्गों से सम्बंधित रोग ( जेरीऐट्रिक ) स्वास्थ्य देखभाल, उपशामक उपचार तथा पुनर्वास देखभाल सेवाएं शामिल हैं। इस नीति के तहत 'मेक इन इंडिया' अभियान को बढ़ावा देने और चिकित्सा शिक्षा में सुधार के लिए मौजूदा नियामक व्यवस्था में सुधार तथा दवाओं और उपकरणों की विनिर्माण प्रक्रिया को आसान बनाए जाने की योजना है। यह नीति स्वास्थ्य क्षेत्र में मध्य स्तर के सेवा प्रदाताओं, नर्स, चिकित्सकों और सार्वजनिक स्वास्थ्य कैडर के विकास की वकालत करती है ताकि उपयुक्त स्वास्थ्य मानव संसाधन की उपलब्धता में सुधार हो सके ।

यह नीति वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के लिए सभी सार्वजनिक अस्पतालों में मुफ्त दवाओं, निरु शुल्क निदान और मुफ्त आपातकालीन और आवश्यक स्वास्थ्य सेवा का प्रस्ताव करती है। इस उद्देश्य से प्रति 1000 आबादी के लिए 2 बेड की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी, इसका वितरण इस तरीके से किया जाएगा कि श्गोल्डन आवरश में मरीजों को बेड मिल सके। इस नीति के महत्वपूर्ण प्रावधानों में से एक 2025 तक जीवन प्रत्याशा को 67.5 वर्ष से बढ़ाकर 70 वर्ष करने का लक्ष्य है। यह 2022 तक प्रमुख वर्गों में रोगों की व्याप्तता तथा इसके रुझान को मापने के लिए विक्लांगता समायोजित आयु वर्ष (डीएएलवाई) सूचकांक की नियमित निगरानी करने का भी प्रस्ताव देता है।


2025 तक पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में मृत्यु दर को कम करके 23 ( प्रति हजार में ) करना तथा मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) के वर्तमान स्तर को 2020 तक घटाकर 100 करना (प्रति 1000 में) तथा शिशु मृत्यु दर को 2019 तक घटा कर 28 ( प्रति हजार में), नवजात शिशु मृत्यु दर को घटाकर 16 करना तथा मृत जन्म लेने वाले बच्चों की दर को 2025 तक घटाकर ”एक अंक’में लाने का लक्ष्य है। इन उपायों से 2025 तक राष्ट्रीय और उप-राष्ट्रीय स्तर पर कुल प्रजनन दर ( टीएफआर ) को घटाकर 2.1 तक लाने का लक्ष्य है।

अंततः इस नीति के जरिए स्वास्थ्य पर कुल सार्वजनिक खर्च सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 2% तक बढ़ाने का वादा है जो इसे विफल नहीं होने देगा। इस नीति की घोषणा से पहले, स्वास्थ्य पर कुल सार्वजनिक खर्च सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 1% था। इस नई नीति की विशेषताओं में प्राथमिक स्वास्थ्य क्षेत्र पर दो-तिहाई खर्च के साथ-साथ सार्वजनिक व्यय बढ़ाने और स्वास्थ्य पर बजट के परिव्यय में वृद्धि के लिए कर-आधारित वित्तपोषण है। 2030 तक के लिए भारत में सशक्त विकास के महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं और इस लिहाज से भी यह नीति बेहद महत्वपूर्ण है।



# NATIONAL
## Health Policy 2017

**Preventive and promotive focus with pluralistic choice**



Creation of Public Health Management Cadre in all States to optimise health outcomes.

Interventions from early detection of issues in childhood to prevention of chronic illnesses.





Tracking behaviour change, education and counselling at all levels.

Plethora of options to choose from among yoga and AYUSH umbrella of remedies





# राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति – 2017

## बहुलवादी पसंद के साथ निवारक और बढ़ावा देने पर ध्यान



सभी राज्यों में स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने के लिए पब्लिक प्रबंधन कैडर का गठन


बचपन के विकासात्मक विलंब और विकलांगता का शीघ्र पता लगाने के लिए हस्तक्षेप





व्यवहार परिवर्तन, शिक्षा और काउंसीलिंग पर नजर रखना


नीति आयुष उपचार तक पहुँच सुनिश्चित करती है





# NATIONAL
## Health Policy 2017

**Universal, easily accessible, affordable primary healthcare**



- » Comprehensive primary health care package with geriatric, palliative and rehabilitative care.
- » Health Card for access to primary healthcare facility services anytime, anywhere.
- » Free drugs and diagnos- tics along with low cost pharmacy chains (Jan Aushadhi stores)
- » Free health care to victims of gender violence in public and private sector.



# राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति – 2017

हर जगह, आसान और सुविधानक
प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा

- » जेरियाटिंक, उपशामक और पुनर्वास सेवा के लिए व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य पैकेज
- » हर जगह हर समय स्वास्थ्य सुविधा के लिए दिया जाएगा स्वास्थ्य कार्ड
- » सस्ती दवा के लिए जन औषधि स्टोर के अलावा मुफ्त दवाई और जांच की सुविधा
- » लिंग हिंसा के पीड़ितों को दी जाएगी सरकारी और निजी अस्पतालों में मुफ्त स्वास्थ्य सेवा





# NATIONAL
## Health Policy 2017

**Fostering patient-focus, quality and an assurance based approach**



Compliance to right of patients to access information on condition and treatment.

National Healthcare standards organisation - maintaining adequate standards in public and private sector.

Separate empowered medical tribunal for speedy resolution on disputes and complaints.

Grading of establishments and active promotion of standard treatment guidelines



# राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति – 2017

**मरीज–केंद्रित, गुणवत्ता और एक आश्वासन आधारित दृष्टिकोण को बढ़ावा देना**



स्थिति और उपचार के बारे में जानकारी रोगियों तक पहुंचने का अधिकार

राष्ट्रीय स्वास्थ्य देखभाल मानक संस्थान – सार्वजनिक और निजी क्षेत्र में पर्याप्त मानकों को बनाए रखने

विवादों और शिकायतों पर त्वरित रिज़ॉल्यूशन के लिए अलग–अलग मेडिकल ट्रिब्यूनल

प्रतिष्ठानों के ग्रेडिंग और मानक उपचार दिशानिर्देशों का सक्रिय प्रचार



# NATIONAL
## Health Policy 2017
### System strengthening and strategic engagements



- Public health system strengthening shifting from verticals to an integrated approach
- Holistic approach addressing infrastructure and human resource gaps
- Strategic purchase of secondary and tertiary care services
- Synergizing with private and not-for-protit sectors for critical gap filling

Dial **1922** to give suggestions for Mann ki Baat

www.mygov.in



# राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति – 2017

प्रणाली को मजबूत और रणनीतिक भागीदारी को ठोस बनाने की ओर



- सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूती, वर्टिकल्स से एक एकाग्रित दृष्टिकोण की ओर अग्रसर
- समग्र दृष्टिकोण से बुनियादी ढांचे और मानव संसाधन का संबोधन
- द्वितीय और तृतीय सेवा सुविधा के लिए रणनीतिक खरीदारी
- एनजीओ और प्राइवेट सेक्टर के बीच की दूरियों को खत्म कर तालमेल बढ़ाना



# NATIONAL
## Health Policy 2017
### Better regulatory mechanisms and quality control

**Strengthening post market surveillance program for drugs, products and devices**

**Regulating use of devices to ensure safety and quality compliance**

**Timely revision of National List of Essential Medicines along with appropriate price control**

**Standard Regulatory framework for laboratories and imaging centres, specialized emerging services.**



# राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति – 2017

## बेहतर रेगुलेटरी तंत्र और गुणवत्ता नियंत्रण

दवाओं, उत्पादों और उपकरणों के लिए पोस्ट–मार्केट निगरानी कार्यक्रम को सुदृढ़ बनाना





सुरक्षा और गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए उपकरणों के उपयोग को विनियमित करना

उचित मूल्य नियंत्रण के साथ आवश्यक दवाइयों की राष्ट्रीय सूची के समय पर संशोधन





प्रयोगशालाओं और इमेजिंग केंद्रों के लिए स्टैंडर्ड रेगुलेटरी रूपरेखा, विशेष उभरती हुई सेवाएं प्रदान करना



# NATIONAL
# Health Policy 2017

## Make-In-India for a healthy India

**Special focus on production of Active Pharmaceutical Ingredient (API)**

**Incentivizing local manufacturing to provide customized indigenous products**

**Reducing cost with indigenous medical technology and medical devices**





Dial **1922** to give suggestions for Mann ki Baat

www.mygov.in



# राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति – 2017

## स्वस्थ भारत के लिए मेक–इन–इंडिया

सक्रिय औषधि संघटक (एपीआई) के उत्पादन पर विशेष ध्यान

स्वदेशी उत्पाद प्रदान करने के लिए स्थानीय मैन्युफैक्चरिंग को प्रोत्साहित करना

स्वदेशी चिकित्सा प्रौद्योगिकी और उपकरणों की लागत को कम करना





# NATIONAL Health Policy 2017

## Digital interventions for the nation's health



- Promoting tele-consultation linking tertiary care institutions with specialist consultation
- National Knowledge Network for Tele-education, Tele-CME, Tele-consultations and digital library
- National Digital Health Authority to regulate, develop and deploy digital health
- Introduction of Electronic Health Record (EHR)



# राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति – 2017

## राष्ट्र के स्वास्थ्य के लिए डिजिटल इंटरवेंशन



- विशेषज्ञ परामर्श के लिए तृतीयक देखभाल संस्थानों को जोड़ने वाली टेली-परामर्श को बढ़ावा देना
- टेली-शिक्षा, टेली-सीएमई, टेली-परामर्श और डिजिटल लाइब्रेरी के लिए राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क
- डिजिटल स्वास्थ्य को रेगुलेट, विकसित और तैनात करने के लिए राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य प्राधिकरण
- इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड (ईएचआर) की शुरुआत



# NATIONAL
## Health Policy 2017
### Intersectoral convergence for holistic healthcare delivery



Partnership & participation of all non-health ministries, communities and academic institutions.

Coordinated action on:

- Swachh Bharat Abhiyan - sanitation
- Balanced, healthy diets and regular exercises.
- Addressing tobacco, alcohol and substance abuse
- Yatri Suraksha – preventing deaths due to rail and road accidents
- Nirbhaya Nari –against gender violence
- Reduced stress and improved safety in the work place.



# राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति – 2017

## समग्र स्वास्थ्य देखभाल वितरण के लिए पारस्परिक अभिसरण

सभी गैर–स्वास्थ्य मंत्रालयों, समुदायों और शैक्षणिक संस्थानों की भागीदारी



कोऑर्डिनेटेड कार्रवाईः

- स्वच्छ भारत अभियान – स्वच्छता
- संतुलित, स्वस्थ आहार और नियमित व्यायाम
- तम्बाकू, शराब और मादक द्रव्यों के सेवन को संबोधित करना
- यात्री सुरक्षा – रेल और सड़क दुर्घटनाओं के कारण मृत्यु को रोकने
- निर्भया नारी – लिंग हिंसा के बारे में
- कार्यस्थल में कम तनाव और बेहतर सुरक्षा

# One Nation, One Tax - The transformational, much-awaited GST is here.

Commitment to bold, transformational reforms has been the hallmark of Prime Minister Narendra Modi's government. The much awaited Goods and Services Tax (GST) is a big step in cleaning up the tax administration of the nation.

The Union Cabinet chaired by Prime Minister Narendra Modi approved four bills related to the GST. Before being cleared by the cabinet, these bills were also cleared by the Goods and Services Tax Council after a detailed discussion over 12 meetings in the last six months.

The passing of these four bills furthers the process of eventually passing the overall GST bill. The four bills that were cleared i.e. The Central Goods and Services Tax Bill, the Integrated Goods and Services Tax Bill, the Union Territory Goods and Services Tax Bill and the Goods and Services Tax (Compensation to the States) Bill should be introduced in Parliament this week.

- ₹ This bill when implemented may lead to an increase in the country's overall Gross Domestic Product (GDP) by 1-2%. It will create new spheres of employment and an increase in productivity. With the passing of these bills now, the Goods and Services Tax regime is now in its final stages of culmination, likely to be implemented from the 1st of July this year. Under the bill, here are the important points of observation:
- ₹ The Central GST Bill will make provisions for levy and collection of tax when it comes to intra-state supply of goods or services or both, by the central government. The Integrated GST Bill will also make similar provisions and follow in the footsteps of the Central GST Bill. The Union Territory GST Bill will also make provisions for levy on

## *Modi Govt committed to early introduction of GST; approves 4 GST Bills*

### Union Cabinet approved CGST, IGST, UTGST & Compensation Bills



***CGST Bill*** - Provisions for levy & collection of tax on intra-state supply of goods or services for both by Central Government.

***IGST Bill*** - Provisions for levy & collection of tax on inter-state supply of goods or services or both by Central Government.

***UTGST Bill*** - Provisions for levy on collection of tax on intra-UT supply of goods and services in the Union Territories without legislature.

***Compensation Bill*** - Compensation to the states for loss of revenue arising on account of implementation of the goods and services tax for a period of ve years.



# मोदी सरकार ने जीएसटी बिल से जुड़े 4 बिलों को दी मंजूरी

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सीजीएसटी, आईजीएसटी, यूटीजीएसटी और मुआवजा बिल पारित किये




**केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर; सीजीएसटीद्ध विधेयक 2017 –**
केन्द्र सरकार द्वारा राज्यान्तरिक वस्तु अथवा सेवाओं पर कर लगाने एवं संग्रहण करने का प्रावधान

**समन्वित वस्तु एवं सेवा कर; आईजीएसटीद्ध विधेयक – 2017 –**
केन्द्र सरकार द्वारा वस्तु और सेवा अथवा दोनों की अन्तरराज्जीय सप्लाई पर कर लगाने एवं संग्रहण करने का प्रावधान

**यूनियन टेरीटरी वस्तु एवं सेवाकर; यूजीएसटीद्ध विधेयक 2017 –**
विधान के बिना संघ क्षेत्रों में क्षेत्रान्तरिक वस्तु एवं सेवाओं पर कर लगाने एवं संग्रहण करने का प्रावधान

**वस्तु एवं सेवा कर (राज्यों को मुआवजा) विधेयक 2017 –**
वस्तु एवं सेवाकर के लागू होने से राज्यों को होने वाले नुकसान के लिए पांच वर्ष की अवधि तक मुआवजे का प्रावधान

# एक राष्ट्र, एक करः लंबे इंतजार के बाद आ रहा है परिवर्तनकारी जीएसटी

साहसिक फैसलों से परिवर्तनकारी सुधारों के प्रति प्रतिबद्धता प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की पहचान है। बहुप्रतीक्षित वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) देश की कर व्यवस्था में सुधार के लिए एक बड़ा कदम है।

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वस्तु एवं सेवा कर ( जीएसटी ) से संबंधित चार बिल अनुमोदित किए। कैबिनेट की मंजूरी से पहले इन विधेयकों को पिछले छह महीनों के दौरान 12 बैठकों में विस्तृत चर्चा के बाद वस्तु एवं सेवा कर परिषद ने भी मंजूरी दे दी थी।

इन चार बिलों की मंजूरी से समग्र जीएसटी बिल को पारित करने की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ेगी। जीएसटी से जुडे चार विधेयकों को मिली मंजूरीः केन्द्रीय वस्तु और सेवा कर विधेयक, एकीकृत वस्तु और सेवा कर विधेयक, केंद्र शासित प्रदेश वस्तु एवं सेवा कर विधेयक तथा वस्तु और सेवा कर (राज्यों को मुआवजा) विधेयक को मंत्रिमण्डल की स्वीकृति के आधार पर संसद में इस सप्ताह में पेश किए जाने की उम्मीद है।

इन विधेयको के कार्यान्वयन से देश के समग्र सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर में एक से दो प्रतिशत की बढ़ोत्तरी का अनुमान है।। उम्मीद है कि इससे रोजगार के नए क्षेत्रों का सृजन होगा और उत्पादकता में वृद्धि होगी। इन विधेयकों को मंजूरी दिए जाने से वस्तु और सेवा कर व्यवस्था अब अपने लागू होने की प्रक्रिया के अंतिम चरण में है और इस वर्ष 1 जुलाई से देश में जीएसटी व्यवस्था लागू होने की संभावना है। इस विधेयक के महत्वपूर्ण बिंदु इस प्रकार हैं:

केन्द्रीय जीएसटी विधेयक में सामानों या सेवाओं या दोनों के राज्य या अंतर राज्य में आपूर्ति की स्थिति में केंद्र सरकार द्वारा कर की वसूली और संग्रह के प्रावधान किया जाएगा। एकीकृत जीएसटी विधेयक में भी इसी तरह के प्रावधान किए जाएंगें और केंद्रीय जीएसटी विधेयक के नियमों का पालन होगा। संघ शासित राज्य क्षेत्र जीएसटी विधेयक भी विधान सभा विहीन केंद्र शासित प्रदेशों में सामानों और सेवाओं के अंतर-संघ राज्य क्षेत्र की आपूर्ति होने पर कर संग्रह के लिए लेवी का प्रावधान करेगा।

मुआवजा विधेयक में अगले पांच सालों के लिए जीएसटी के कार्यान्वयन के कारण राज्यों को होने वाले राजस्व के नुकसान की स्थिति में राज्यों को मुआवजे दिए जाने का प्रावधान होगा।

- ₹ collection of tax on intra-UT supply of goods and services in the Union Territories, without legislatures.
- ₹ The Compensation Bill is set to provide for compensation to the State in a situation where there is a loss of revenue arising on account of the implementation of GST for the next five years.
- ₹ The GST regime is set to make the tax administration efficient, potentially decreasing tax evasion. Computerization and digitization of the taxation process will also help in this regard.

The government will also regularly review the price of 300 commodities once the GST is introduced, to ensure the new tax regime does not result in inflation. These items in the basket of the Consumer Price Index (CPI) will be reviewed to study the impact on the country's inflation.

The next Goods and Services Tax Council meeting chaired by the Union Finance Minister Arun Jaitley is to be held on the 31st of March. In this meeting, the issue of the formulation of rules that will eventually govern the new taxation policy will be discussed. After the rules are approved, only then will the Council decide the fitment of various commodities into the tax slabs. Last year, the Council had decided on four tax slab rates i.e. 5%, 12%, 18% and 28%, with another "zero tax rate" on several items that constitute almost half of the Consumer Price Index basket, including food grains.

As the government looks ready for the implementation of these new four bills, it will be interesting to witness the economic potential it will unfurl thus resulting in potentially higher economic growth.

# Ease Of Doing Business: Modi Govt walks the talk on it

## Web portal launched for Coastal Regulation Zone clearances

Ease of doing business is not just a talking point. Prime Minister Narendra Modi's government understands it is a key issue that impacts economic growth and the job market. Files and approvals earlier used to take a long time coming due to the long list of clearances and NOCs needed along with huge amount of paperwork. But technology changes everything.



The Minister of State of Environment, Forest and Climate Change, Anil Madhav Dave, launched the web portal for obtaining Coastal Regulation Zone clearances. The web portal aims to make processes smoother for State Coastal Zone Management Authorities (SCZMAs), Municipal/Town Planning agencies and other partners in tracking the progress of their proposals.

A fine example of 'Ease of Doing Business', the web-based portal helps in obtaining clearances required from the Ministry under the "Coastal Regulation Zone" (CRZ) by the Project proponents. Following the web architecture in environmental and forest clearances, CRZ is an interactive and seamless portal which enables submission of applications in a single-window interface.

A unique identity for each proposal for all future correspondence facilitates smooth and quick flow of information which is an integral objective of the portal. Among other features, enhanced efficiency, increased responsiveness through workflows and accessibility of real-time information on the status of CRZ clearance proposals contribute greatly to the portal's aim of transparency and accountability.

जीएसटी व्यवस्था से कर प्रशासन को कुशल बनाने की उम्मीद है, जिससे कर चोरी में कमी आने की संभावना है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक यह कम्प्यूट. रीकरण और कराधान प्रक्रिया के डिजिटलीकरण किए जाने से संभव हो सकेगा।

जीएसटी की शुरूआत के बाद सरकार नियमित रूप से 300 वस्तुओं की कीमतों की समीक्षा करेगी, ताकि नई कर व्यवस्था से मुद्रास्फीति में बढ़ोतरी ना हो। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के संदर्भ में इन वस्तुओं की समीक्षा की जाएगी ताकि मुद्रास्फीति पर प्रभाव का अध्ययन किया जा सके।

31 मार्च को केंद्रीय वित्त मंत्री अरुण जेटली की अध्यक्षता में वस्तु और सेवा कर परिषद की अगली बैठक होगी। इस बैठक में नई कराधान नीति से संबंधित नियमों के निर्माण के मुद्दे पर चर्चा की जाएगी। इन नियमों के अनुमोदित होने के बाद ही परिषद टैक्स स्लैब में विभिन्न वस्तुओं के निर्धारण का निर्णय लेगी। पिछले साल परिषद ने कर स्लैब के चार दरों पर फैसला किया था, जैसे कि 5%, 12%, 18% और 28%, जबकि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के कई वस्तुओं को 'शून्य कर दर' में शामिल करने का फैसला किया था, यानि इस सूचकांक की लगभग आधी वस्तुएं इस दायरे में आएंगी  जिसमें अनाज भी शामिल है।

सरकार इन नए चार विधेयकों के क्रियान्वयन के लिए तैयार है। आने वाले समय में इससे होने वाले विकास और विकास के स्तर में सबकी दिलचस्पी होगी। भविष्य में इन विधेयकों के पारित होने पर सबकी निगाह टिकी रहेगी।

# 'व्यापार की सुगमता' की दिशा में मोदी सरकार ने बढ़ाया एक और कदम

## तटीय विनियमन क्षेत्र की मंजूरी के लिए वेब पोर्टल का शुभारंभ

'व्यापार की सुगमता' पर सिर्फ चर्चा ही काफी नहीं है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार इसे एक बेहद महत्वपूर्ण मुद्दा मानती है जो आर्थिक विकास और रोजगार के अवसरों को प्रभावित करता है। पहले कोई भी कार्य प्रारंभ करने के लिए बड़ी तादाद में कागजी कार्रवाई, एनओसी और मंजूरी प्राप्त करने में लंबा वक्त लग जाता था। लेकिन अब तकनीक के इस्तेमाल ने सारी प्रक्रिया को आसान बना दिया है।



पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री अनिल माधव दवे ने तटीय विनियमन क्षेत्र की मंजूरी प्राप्त करने के लिए वेब पोर्टल का शुभारंभ किया। वेब पोर्टल का उद्देश्य राज्य तटीय क्षेत्र प्रबंधन प्राधिकरण (एससीजेडएमए), नगरपालिका/नगर नियोजन एजेंसियों और अन्य भागीदारों के प्रस्तावों की प्रगति पर नजर रखने हेतु प्रक्रियाओं को आसान बनाना है।

यह वेब पोर्टल श्व्यापार की सुगमताश का सबसे अच्छा उदाहरण है जो परियोजना प्रस्तावकों को 'तटीय विनियमन क्षेत्र' (सीआरजेड) के तहत मंत्रालय से आवश्यक मंजूरी प्राप्त करने में मदद करता है। पर्यावरण और वन मंजूरी प्रदान करने की मौजूदा प्रणाली के समान ही इस वेब आधरित प्रणाली से एकल खिड़की इंटरफेस के जरिए सीआरजेड मंजूरी के लिए आवेदन जमा कराने में और मंजूरी से संबंधित त्वरित जानकारी पाने मदद मिलेगी।

इस पोर्टल के उद्देश्य को ध्यान रखते हुए प्रत्येक प्रस्ताव के लिए सभी भावी पत्राचारों को एक अलग पहचान दी जाएगी ताकि इससे संबंधित जानकारी त्वरित मिल सके। वेबपोर्टल के अन्य उद्देश्यों में दक्षता बढ़ाना, सीआरजेड मंजूरी की प्रक्रिया में पा. रदर्शिता और जिम्मेदारी लाना, सीआरजेड मंजूरी प्रस्तावों की स्थिति के बारे में सही समय पर जानकारी उपलब्ध करवाने के जरिए जवाबदेही बढ़ाना शामिल है।

# International Women's Day: Women Empowerment special

Prime Minister Narendra Modi's approach is very clear about women empowerment. The Central Government has taken several initiatives to make women more empowered and self-reliant. Such as Beti Bachao Beti Padhao Abhiyan, Sukanya Samriddhi Yojana, Ujjwala Yojana and Pradhan Mantri Suraksha Bandhan Yojana or Maternity Benefit Scheme - In addition to giving social and financial security to women, continuous steps are being taken to develop leadership potentials in them.

**The Maternity Benefit (Amendment) Bill, 2016 to bestow strength to women**

The Maternity Benefit (Amendment) Bill, which proposes to extend 12 weeks of maternity leave to 26 weeks, has been passed in the Lok Sabha. The bill will permit pregnant women to get 26 weeks of maternity leave. This bill is expected to benefit 18 lakh women employees of the country.



The bill also takes into consideration mothers who have adopted children less than 3 months old as well as mothers who have children through surrogacy. In these special cases, mothers have the provision to avail up to 12 weeks of maternity leave and work from home option once the leave comes to an end. This law is applicable on those institutions where there are 10 or more members of the workforce. The bill also has the provision to pay full salary to expecting women.

The Maternity Benefit (Amendment) Bill offers a sigh of relief With the new mandate that states 'companies with 50 or more employees to provide crèches enabling women to visit four times during their work hours.' Reaping the benefits of the bill, now Indian women in India will get 26 weeks salary during the maternity leave. Along with the passing of the bill, India now joins countries where highest maternity leave is obtainable.

Increasing the availability of women labour, with effect to this bill, working women will now be able to plan their pregnancy and the distress of losing a job will draw to a close.

**Nai Roshni lights the lives of more than 69,000 women**

The Central Government is working on three special schemes under the 'nai roshni' scheme for the empowerment of minority women. It is being implemented for women by endowing them with knowledge, equipment and technology. The scheme is being implemented through NGOs, civil society and various trusts. It aims to make women self-reliant and develop the ability to lead different areas through education-training.

In the current financial year of the 'nai roshni' scheme, 69,150 women got the benefit tillJanuary 31. Under this, for the women of the minority community, 14.13 Crore have been released in the current financial year and till January 31, 69,150 women got the benefit of this scheme.

During the year 2015-16, 14,88,00,000 rupees were released for this scheme and 58,725 women were given the benefit of this scheme. In the same way, in 2014-15, 13.78 Crore were released and 71,075 women were brought under its purview.

Begum Hazrat Mahal National Scholarship for Meritorious Girls belonging to minorities is being channelized through Maulana

# विश्व महिला दिवसः नारी सशक्तिकरण विशेष

नारी सशक्तिकरण को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दृष्टिकोण बिल्कुल साफ रहा है। केंद्र सरकार ने महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई पहल की हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान, सुकन्या समृद्धि योजना, उज्जवला योजना हो या प्रधानमंत्री सुरक्षा बंधन योजना या फिर मातृत्व लाभ योजना – महिलाओं को सामाजिक और वित्तीय सुरक्षा देने के साथ-साथ उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं।

## मातृत्व अवकाश विधेयक से महिलाओं को मिलेगी ताकत

महिलाओं के लिए मातृत्व अवकाश को 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह कर दिए जाने वाला मातृत्व अवकाश विधेयक लोकसभा में पारित हो गया है। इस विधेयक के पास हो जाने से अब गर्भवती महिलाओं को 26 सप्ताह की मातृत्व अवकाश मिलेगी। इस बिल से देश की 18 लाख महिला कर्मचारियों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

तीन महीने से छोटे बच्चे को गोद लेने वाली महिलाओं और सरोगेसी से पैदा हुए बच्चे की मां को भी 12 सप्ताह का अवकाश मिलेगा। महिलाओं को मातृत्व अवकाश की अवधि खत्म होने पर घर से काम करने की भी सुविधा मिलेगी।



यह कानून उन संस्थानों के ऊपर लागू होता है जहां 10 या उससे अधिक कर्मचारी होंगे। ऐसी महिलाओं को गर्भावस्था के समय अवकाश पर पूरी तनख्वाह दी जाएगी।

मातृत्व अवकाश संशोधन विधेयक 2016 के तहत 50 या उससे अधिक कर्मचारियों वाली कंपनियों को क्रेश की सुविधा देनी होगी। महिलाओं को काम के बीच चार बार क्रेश जाने की अनुमति देना अनिवार्य होगा।

भारत में अब गर्भवती महिलाओं को अवकाश के दौरान 26 हफ्ते का वेतन मिलेगा। इसके साथ ही विश्व के उन देशों में शामिल हो गया है जहां सबसे ज्यादा मातृत्व अवकाश मिलता है।

विधेयक के पास होने से कामकाजी महिलाओं को अब गर्भधारण की योजना बनाने में आसानी होगी और नौकरी छूटने का हमेशा बना रहने वाला डर भी खत्म हो जायेगा। इससे संस्थानों को महिला श्रम की उपलब्धता बढ़ जाएगी।

## नई रोशनी से रौशन हुई 69 हजार अल्पसंख्यक महिलाओं की जिंदगी

केंद्र सरकार अल्पसंख्यक महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए 'नई रोशनी' योजना के तहत तीन विशेष योजनाओं पर काम कर रही है। इसका मकसद महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और शिक्षण-प्रशिक्षण के जरिए विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व करने लायक क्षमता को विकसित करना है।

'नई रोशनी' योजना का लाभ मौजूदा वित्त वर्ष में 31 जनवरी तक 69,150 महिलाओं को लाभ मिला है। इसके तहत अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं के लिए मौजूदा वित्त वर्ष में 14.13 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं और इस साल 31 जनवरी तक 69,150 महिलाओं को इस योजना का लाभ मिला है।

अल्पसंख्यक समुदाय की प्रतिभाशाली लड़कियों के लिए 'बेगम हजरत महल राष्ट्रीय योजना' अमल में लाई जा रही है। इस योजना के तहत वर्ष 2015-16 में 57.60 करोड़ रुपए जारी किए गए और 48,000 लड़कियों को इसका लाभ दिया गया।

अल्पसंख्यक महिलाओं को उनकी दिलचस्पी के मुताबिक व्यवसाय का प्रशिक्षण देने के लिए 'महिला समृद्धि योजना' अमल में लाई गई है। इसके अंतर्गत महिलाओं को 6 माह का प्रशिक्षण दिया जाता है और प्रत्येक प्रशिक्षु को कच्ची सामग्री लागत के लिए 1,500 रुपए और 1,000 रुपए की छात्रवृत्ति दी जाती है

Azad Education Foundation. The scheme had covered 48 thousand girls with a funding of Rs. 57.60 Crore in 2015-16 and in 2014-15, it catered to 45,426 girls backed by a fund of Rs. 54.51 Crore. Presently, Rs. 14.13 Crore have been released and 69,150 women have been covered till 31st January during current financial year.

The National Minorities Development & Finance Corporation (NMDFC) sponsored Mahila Samridhi Yojana trains women in women-friendly skills. The training duration is up to six months and provides raw material worth Rs.1,500/- per trainee. Every trainee is given a stipend of Rs.1000/. During the training, women form Self Help Groups, followed by infusion of micro-credit maximum up to Rs.1,000,00 per member to use the skill developed to earn an income. This was shared by the Minister of State (IC) for Minority Affairs, Shri Mukhtar Abbas Naqvi in response to a query raised in the Lok Sabha.

## Women sarpanches can transform villages of India

During his address at the Swachh Shakti 2017 convention on the occasion of International Women's Day, Prime Minister Narendra Modi said that women sarpanches can transform the villages of India. He stated that women are more dedicated towards their work and perform far better than men.


Amidst a gathering of 6,000 women sarpanches and grassroots level workers the Prime Minister asserted that accepted norms of husbands as decision-makers are now obsolete.

He, in fact, stressed that women Sarpanches can implement Government schemes in such an efficient manner where while preserving the simplicity of villages they manage to bring in the facilities of the city. He said that "the women we are honouring today have shattered so many myths. They have shown how a positive change has begun in rural India".

While addressing the issue of discrimination against women and the need to change it, the Prime Minister stressed that action-based steps need to be taken for the success of "Beti Bachao, Beti Padhao". He urged that there should not be any case of female foeticide in villages, especially where the sarpanch is a woman. If the woman sarpanch wishes to create awareness, she can bring a qualitative change.

A woman taking the role of a sarpanch in a village is no easy feat. Besides the challenges she needs to face, there is a change in mindset that has to be initiated. The Prime Minister appreciated their determination and punctuality towards their tasks.

Prime Minister also emphasized that there is no shortage of funds for the development of villages. The central



government sends two lakh crores rupees directly to the villages every year. Money can also be mobilized by making manure in various ways for garbage management and cleaning in villages.

Shri Modi said that girls across the country are making the nation proud with their brilliant performances in board exams. Though, there should be equal access to education for both girls and boys. The Prime Minister also honored women Sarpanches as well as NGOs for their inspiring and remarkable work in village development.


## भारत के गांवों का कायापलट कर सकती हैं महिला सरपंच

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि महिला सरप.ंच भारत के गांवों का कायापलट कर सकती हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर गुजरात के गांधीनगर में स्वच्छ शक्ति-2017 समारोह में उन्होंने कहा कि पुरुषों के बजाय महिला अधिक समर्पण भाव से काम करती हैं। देशभर से आईं 6,000 महिला सरपंच और जमीनी स्तर पर काम कर रहीं महिलाओं के सम्मेलन में उन्होंने कहा कि अब देश में सरपंच पति वाली बातें पुरानी हो गई हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि महिला सरपंच जनहित योजनाओं को लागू कर गांव को इस तरह बना सकती हैं जिसकी आत्मा गांव की हो लेकिन सुविधा शहर की हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि लड़कियों के प्रति भेदभावपूर्ण मानसिकता को बदलने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि देश में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के लिए काफी कुछ किए जाने की जरूरत है। कम से कम जिन गांवों में महिला सरपंच हैं, वहां कन्या भ्रूण हत्या का कोई मामला नहीं होना चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि गांवों के विकास के लिए पैसों की कोई कमी नहीं है। केंद्र सरकार सालाना दो लाख करोड़ रुपये सीधे गांवों को भेजती है। गांवों में कचरा प्रबंधन और सफाई के लिए विविध तरीकों से उसका खाद बनाकर भी पैसा जुटाया जा सकता है।

प्रधानमंत्री ने गांवों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिला सरपंच और स्वयंसेवी संस्थाओं की महिलाओं को सम्मानित भी किया।



## Some Tejaswini awardees

### Rupa, Acid Attack Survivor

Muzaffarnagar, Uttar Pradesh

Rupa was disheartened and thoroughly depressed following the brutal acid attack by her own mother. She had given up all hope for a 'normal' life and had shut herself in her uncle's house.

Till she heard about 'Stop Acid Attack'. Curious and hopeful, she participated in the campaign to pick up the broken pieces of her life. She learnt sewing and needlework and soon gained confidence and expertise in her work.

As her designs gained popularity, Rupa launched 'Rupa Creations'. Situated at Sheroes Hangout in Agra, the boutique employs other acid attack victims and gives them a chance at a new life.

### Sunita Chaudhary, Delhi's First Female Auto Rickshaw Driver

Bulandshahr

National Capital Region's first female auto rickshaw driver, Sunita transcends all boundaries with élan.

She was forced to drop out of school and find a way to feed her family. Her journey from Bulandshahr to Delhi hasn't been an easy one but it's certainly inspiring.

She fights awkward glances and brutal stares regularly yet manages to fulfill her professional responsibilities of riding an auto confidently.

### Santosh Yadav

Haryana

Santosh Yadav, a lady of extraordinary strength and zeal has successfully climbed Mt. Everest, twice. She is also the first woman to scale the mountain from the toughest mountain faces in the world, the Kangshung Face.

Belonging to a small village in Rewari, Haryana, Santosh has broken all norms about what women 'should' do. With a keen interest in mountaineering from a young age, she was always enchanted by mountains and snow-clad peaks.

Santosh was strongly opposed by her family and wasn't allowed to pursue mountaineering. However, she wasn't among those who would give up and finally everyone, including her coaches, relented due to her determination.

## रूपा, एसिड हमले से सुरक्षित बचीं
मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश

अपनी ही माँ द्वारा एसिड हमले के बाद रूपा बेहद निराश और अवसादग्रस्त हो गई थी। उसने अपने जीवन के  श्सामान्यश होने की सारी उम्मीदों को छोड़ दिया और अपने चाचा के घर में खुद को बंद कर लिया था।
जब उसने 'एसिड हमले बंद करो' अभियान के बारे में सुना तो अपने जीवन को संभालने के उद्देश्य से जिज्ञासु और आशान्वित रूपा ने इस अभियान में भाग लिया। उसने सिलाई और कढ़ाई का काम सीखा और जल्द ही अपने काम में आत्मविश्वास और दक्षता प्राप्त की। धीरे-धीरे उनके डिजाइनों के चर्चे होने लगे और तब  रूपा ने 'रूपा क्रिएशन' की शुरुआत की। आगरा में शेरस हैंगआउट में स्थित यह बुटीक अपने कर्मचारियों और अन्य एसिड हमले के शिकार लोगों को  नए जीवन की शुरुआत का मौका देते हैं।

## सुश्री सुनीता  चौधरी, दिल्ली की पहली ऑटो रिक्शा चालक
बुलंदशहर

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की पहली महिला ऑटो रिक्शा चालक, सुनीता ने पूरे जोश से सभी सीमाओं को तोड़ दिया है।
स्कूल की पढ़ाई छोड़ चुकी सुनीता पर जब अपने परिवार का भरण-पोषण करने की जिम्मेवारी आई तो मजबूरन उसे नया रास्ता ढूँढ़ना पड़ा। बुलंदशहर से दिल्ली तक की उनकी यात्रा आसान नहीं है, लेकिन यह निश्चित रूप से औरों के लिए प्रेरणादायक है। वह बर्बर और घूरती निगाहों से नियमित रूप से जूझते हुए बड़े आत्मविश्वास के साथ अ०टो चलाते वक्त अपने पेशेवर जिम्मेदारियों को पूरा करती है।

## संतोष यादव
हरियाणा

असाधारण शक्ति और उत्साह की महिला संतोष यादव माउंट एवरेस्ट पर दो बार चढ़ाई करने में सफल रही। वह पहली महिला हैं जिन्होंने इस पर्वत पर दुनिया के सबसे कठिन रास्ते कांगशुंग फेस की ओर से चढ़ने में सफलता पाई है।
संतोष हरियाणा के एक छोटे से गांव रेवाड़ी की हैं, जिन्होंने महिलाओं के  लिए बनाए गए सभी सामाजिक पाबंदियों को तोड़ने का साहस दिखाया। छोटी उम्र से ही उनकी पर्वतारोहण में गहरी दिलचस्पी थी, पहाड़ और बर्फ  से लिपटी उसकी चोटियां उन्हें हमेशा अपनी ओर खीचती थी।
अपने सपने को पूरा करने के लिए संतोष को अपने ही परिवार का विरोध झेलना पड़ा। संतोष हार मानने वालों में से नहीं थी और आखिरकार उनके इस दृढ़ संकल्प के सामने उनके कोच समेत सभी को झुकना पड़ा।

## Some Nari Shakti awardees

### Pallavi Fauzdar, 37 | Agra

Acknowledged as the first woman in the country to take a motorbike from 18,774 feet, setting a record in the Limca Book of Records.

She has raised awareness about malnutrition in children and female foeticide though her bike rides in terrains like Leh, Ladakh and Kashmir.

Reckoned as one the most difficult biking trails, she crossed Mana which rises to a staggering altitude of 5,638 m above sea level, on the border between India and Tibet.

### Anoyara Khatun, 21 | West Bengal

Rescued from domestic labour in 2007 by Save the Children organisation in Kolkata, she decided to make sure that no other child in West Bengal suffered the same fate that she underwent.

Through her association with Save the Children, she first became an active member of the Children's Multi-Activity Centre, where she learnt more about child rights and the need to prevent exploitation.

Anoyara's exemplary courage and leadership has helped reunited more than 180 trafficked children with their families, prevent 35 child marriages, rescue 85 children from the clutches of child labour and register 200 out of school children into schools.

### Pamela Malhotra

Passionate about wildlife and nature conservation, Pamela bought 55 acres of unused and denuded land from the farmers to plant native trees and to protect the environment.

The unmatched passion for wildlife and nature has helped her transform the 55 acres of barren land into private wildlife sanctuary spread over 300 acres, called the Save Animals Initiative (SAI) Sanctuary.

As the green cover expanded, the animal and bird species increased too. The flora of this sanctuary includes hundreds of varieties of indigenous trees, many of which are of medicinal value.

## पल्लवी फौजदार, 37 | आगरा

देश में पहली महिला जिसने बाइक से 18774 फीट की उंचाई तक का सफर पूरा कर लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज कराया है।

लेह, लद्दाख और कश्मीर जैसे इलाकों में बाइक से सफर कर उन्होंने बच्चों में कुपोषण और कन्या भ्रूणहत्या के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने कार्य किया।

दुर्गम रास्तों पर बाइक चलाने के लिए मशहूर पल्लवी भारत और तिब्बत की सीमा के बीच समुद्र तल से 5,638 मीटर की ऊंचाई पर स्थित माना पास तक बाइक से पहुंचने में सफल रही।

## अनोयरा खातुन, 21 | पश्चिम बंगाल

कोलकाता में सेव द चिल्डन संगठन द्वारा 2007 में घरेलू श्रम से बचाए जाने के वह इसी संस्था से जुड़ गई। उसके बाद वह यह सुनिश्चित करने में जुट गई कि पश्चिम बंगाल में किसी अन्य बच्चे को उसके समान दिक्कतों का सामना नहीं करेगा पड़े।

सेव द चिल्ड्रेन के सहयोग से वह बच्चों के बहु-गतिविधि केंद्र की पहली सक्रिय सदस्य बन गई, जहां उसे बाल अधिकारों और शोषण को रोकने की आवश्यकता के बारे में जानकारी मिली।

अनोयरा के अनुकरणीय साहस और नेतृत्व की बदौलत अपने परिवार से बिछुड़े मानव तस्करी के शिकार 180 से अधिक बच्चे अपने परिवार से मिल पाए। इसके अलावा 35 बाल विवाह रोकने, बाल श्रम से 85 बच्चों को बचाने और पढ़ाई छोड़ चुके 200 बच्चों को फिर से स्कूलों में पंजीकृत करने में मदद की।

## पामेला मल्होत्रा

वन्यजीव और प्रकृति संरक्षक पामेला ने किसानों से 55 एकड़ जमीन खरीद कर वृक्षों और पर्यावरण की रक्षा की।

वन्य जीवन और प्रकृति के प्रति अगाध प्रेम ने उसे 55 एकड़ के बंजर भूमि को निजी वन्यजीव अभ्यारण्य में बदलने के लिए प्रेरित किया जो आज 'सेव एनिमल इनिशिएटिव (एसएआई) अभयारण्य' के नाम से 300 एकड़ के क्षेत्र में फैला हुआ है।

हरित क्षेत्र के विस्तार के साथ ही यहाँ पशु और पक्षी की प्रजातियों में भी वृद्धि हुई। इस अभयारण्य के वनस्पतियों में स्वदेशी वृक्षों की सैकड़ों किस्में शामिल हैं, जिनमें से कई औषधीय गुणों वाली हैं।

# Indian Railways embarks on the journey of Free Wifi


While waiting for a train on stations, one would stumble on their phone many times. But without internet connectivity, the phone serves no purpose to the common man today. Nobody understands the aspirations of the internet era better than the Narendra Modi government.

Indian Railways is one of the largest railway networks in the world. Railways Minister, Shri Suresh Prabhu under his stewardship has brought radical changes in his mammoth railway system.

Covering 115 railway stations, free WiFi was made available to 50 lakh people across the country and the railways propose to provide such facility in running trains too later.


WiFi facility, being a public service, was not just provided to railway passengers but also to all visiting the stations, including a large number of students. A total of 400 railway stations will be covered in the first batch and the criteri a adopted to install the services depends upon the volume at stations. Execution of Wi-Fi facility at 400 railway stations has been entrusted to RailTel Corporation, a subsidiary of the Railways, without any fund allocation by the government.


The progress of Indian railways doesn't terminate here. Railways have provided solar panels on rooftops of 19 narrow gauge trains in Northern Railway and 4 broad gauge non air-conditioned coaches in service for use of electrical energy generated in train lighting system on a trial basis, which would save a total of Rs 41,000 crore over a period of 10 years.



## Transforming Railways

# Enhancing passenger facilities while saving public money






**Free Wifi** provided to **50 lakh stations** till **Feb 2017**.

The execution of **WiFi facility at 400 railway stations** is underway and nearing completion

Indian Railway now has the **biggest and fastest public wifi system** in the world


Provision of **solar powered panels on rooftops of trains** for lighting system is estimated to **save Rs 41,000 crore** in nest **10 years**





# भारतीय रेल में बदलाव

# जनता के पैसे की बचत के साथ-साथ यात्री सुविधा हुई बेहतर





फरवरी 2017 तक देश भर के 115 रेलवे स्टेशन पर 50 लाख यात्रियों के लिए मुफ्त वाईफाई की सुविधा

400 रेलवे स्टेशन पर वाईफाई की सुविधा प्रदान की दिशा में कार्य जारी है और कई स्टेशनों पर कार्य पूरा होने के करीब है

वर्तमान में भारतीय रेल के पास विश्व का सबसे बड़ा और सबसे तेज पब्लिक वाईफाई सिस्टम है

ट्रेन के डिब्बों में रोशनी की जरुरत पूरा करने के लिए डिब्बों की छत पर सौर पैनल लगाए हैं, दस साल की अवधि में इससे रेलवे को कुल 41,000 करोड़ रुपये की बचत होगी



# भारतीय रेल की यात्रियों के लिए मुफ्त वाईफाई की सुविधा

प्लेटफार्म स्टेशनों पर ट्रेन की प्रतीक्षा करते समय हम अनेक बार अपने फोन को पलटते हैं। लेकिन आज का स्मार्ट फोन इंटरनेट कनेक्टिविटी के बिना हमारे बहुत ज्यादा काम नहीं आता।

भारतीय रेल अपने विशाल आकार और प्रगति के कारण दुनिया के सबसे बड़े रेल नेटवर्कों में से एक है। रेल मंत्री सुरेश प्रभु के कार्यकाल में भारतीय रेल की विशाल व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन किए जा रहे हैं।

देश भर में 115 रेलवे स्टेशनों पर मुफ्त वाईफाई की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, इससे 50 लाख लोगों को फायदा होगा। आने वाले समय में चलती ट्रेनों में इस तरह की सुविधा प्रदान करने की योजना है।

वाईफाई सुविधा, एक सार्वजनिक सेवा है जो केवल रेलवे यात्रियों को ही नहीं दी गई बल्कि स्टेशनों पर सभी लोगों के लिए उपलब्ध है, जिनमें बड़ी संख्या में छात्र भी शामिल हैं। पहले बैच में 400 रेलवे स्टेशनों पर यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी और मुफ्त वाईफाई सेवा को स्थापित करने के लिए स्टेशनों का चयन यात्रियों की आवाजाही की संख्या के आधार पर किया जा रहा है। 400 रेलवे स्टेशनों पर वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य रेलवे की सहायक कंपनी रेलटेल कॉर्पोरेशन को सौंपा गया है, जिसे इस कार्य को बिना किसी फंड के आवंटन के पूरा करना है।

भारतीय रेल की प्रगति का सिलसिला यहीं समाप्त नहीं होता है। रेलवे ने उत्तरी रेलवे के 19 छोटी लाइन और 4 बड़ी लाइन की ट्रेन के गैर वातानुकूलित डिब्बों की छत पर ट्रायल के तौर पर सौर पैनल लगाए हैं ताकि डिब्बों में रोशनी की जरुरत पूरा करने के लिए सौर बिजली का इस्तेमाल किया जा सके। इससे दस साल की अवधि में रेलवे को कुल 41,000 करोड़ रुपये की बचत होगी।

# World Consumer Rights Day 2017: Constructing a digital world consumers can trust

World Consumer Rights Day (WCRD) which was started in 1983 and is an awareness day which is observed on March 15 every year. It is celebrated annually to promote action among citizens for the international consumer movement.

The Department of Consumer Affairs, the Ministry of Consumer Affairs Food and Public Distribution, celebrated the World Consumer Rights Day 2017 with the theme "Consumer Rights in digital age" in New Delhi. The Programme was presided over by Shri Ram Vilas Paswan, the Union Minister of Consumer Affairs, Food and Public Distribution. Shri Ravi Shankar Prasad, the Union Minister Law & Justice, Electronics & IT was the Chief Guest of the event.

Everyone is a consumer, and World Consumer Rights Day gives a platform for all to voice any obstacle they face. It fortifies that their rights are respected and protected over injustice done in the market.

In an age where Facebook, Instagram and other digital communication platforms dominate everyday life, consumers need to be aware of the impact of online services on them. No doubt, such technologies are brilliantly helping people in every field. However, blind trust can prove detrimental to anyone.

Gracing the occasion, the Ministers launched "The National Building Code". The code marks culmination of efforts of more than 100 experts who worked for more than two years. The code contains provisions on use of new/innovative materials and technologies and on prefabricated construction techniques that can give fillip to speedier construction to meet the objectives of Housing for All by 2022. It also contains administrative aspects prescribing norms for time bound building approval based on integrated approval process from all concerned agencies through single window clearance approach and adopting online process, thereby promoting Ease of Doing Business.

Another area to look into is the rapid pace at which any growth happens. Gone are the days when machines like the telephone and PC took time to reach the masses. Nowadays consumers are ready to grab the next big thing in the digital space. This is probably because invention has become the mother of necessity and not vice-versa. This outright change in the mind-set of consumers makes it mandatory for them to be educated about the digital space.






# विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस 2017: उपभोक्ताओं के लिए भरोसेमंद डिजिटल दुनिया का निर्माण

विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस (डब्ल्यूसीआरडी) 1983 में शुरू हुआ था और जागरूकता दिवस के तौर पर हर साल 15 मार्च को मनाया जाता है। नागरिकों के बीच अंतर्राष्ट्रीय उपभोक्ता आंदोलन को बढ़ावा देने के लिए इसे हर साल मनाया जाता है।

उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के उपभोक्ता मामले के विभाग ने नई दिल्ली में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस, 2017 'डिजिटल युग में उपभोक्ता अधिकार' की थीम पर मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री राम विलास पासवान द्वारा की गई। केन्द्रीय मंत्री कानून एवं न्याय तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे।

हम में से हर कोई उपभोक्ता है और विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस हर उपभोक्ता को अपनी दिक्कतों को साझा करने के लिए सभी को एक मंच देता है ताकि बाजार में उपभोक्ता के अधिकार और सम्मान की रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

आज के युग में जहाँ फेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य डिजिटल संचार प्लेटफार्म रोजमर्रा की जिंदगी पर हावी हो रहे हैं, ऐसे समय में उपभोक्ताओं को ऑनलाइन सेवाओं के प्रभाव के बारे में जागरूक होना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं है, ऐसी तकनीकें प्रत्येक क्षेत्र के लोगों की शानदार ढंग से मदद कर रही हैं। लेकिन इन पर आंख मूँद कर विश्वास करना जोखिम भरा हो सकता है।

इस अवसर पर मंत्रियों ने 'नेशनल बिल्डिंग कोड' का विमोचन किया गया। यह कोड 100 से अधिक विशेषज्ञों के प्रयासों का प्रतीक है, जिन्होंने दो साल से अधिक समय तक इस पर काम किया। कोड में नए/नवीन सामग्रियों और प्रौद्योगिकियों के उपयोग और पूर्वनिर्मित निर्माण तकनीकों के प्रावधान शामिल हैं जो 2022 तक सभी के लिए आवास के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए तेजी से निर्माण के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं। इस संहिता में प्रशासनिक पहलू भी शामिल हैं, जिनमें एक ही स्थान पर और ऑनलाइन माध्यम से सभी सम्बन्धित एजेन्सियों से प्रक्रियाओं के एकीकृत अनुमोदन के आधार पर समयबद्ध रूप से भवन निर्माण का अनुमोदन देने के प्रावधान हैं, ताकि कारोबार करने की सुविधा को बढ़ावा दिया जा सके।

कई अन्य क्षेत्र भी हैं जहाँ तेजी से विकास हो रहा है। वो दिन गए जब टेलीफोन और पीसी जैसी मशीनों ने जनता तक पहुंचने में समय लगता था। आजकल डिजिटल तकनीक के माध्यम से हर नई चीज उपभोक्ता तक तुरंत पहुंच जाती है। शायद इसलिए क्योंकि आवश्यकता ही आविष्कार की जननी बन गई है और यह एक उल्टी प्रक्रिया नहीं है। उपभोक्ताओं की सोच में इस बदलाव की वजह से डिजिटल क्षेत्र में उनका शिक्षित होना अनिवार्य बन गया है।

# Fridays at MyGov: A step ahead in Jan-Bhagidari for building a New India

The digital landscape has been bustling with innumerable citizen voices and opinions for the last few years, particularly in matters of governance and public policy. Be it social media, MyGov, Narendra Modi App, PMO app or Swachh Bharat App, citizens have sought for different avenues to participate and contribute towards the development of the country. The Government too has created opportunities for citizens to effectively harness their skills and expertise. However, there was a need to bring together citizens participating actively across these avenues to a common platform. This led to the beginning of "Fridays at MyGov", an initiative to connect with a group of citizens through a weekly dialogue at the MyGov Office.

"**Fridays at MyGov**" is an initiative launched in February 2017 to involve influential citizens in seeking their ideas for a New India. It also provides them an opportunity to share their experiences of participation across various digital platforms viz. social media, MyGov and the Narendra Modi App, PMO App etc, directly with representatives of the Government.

**Do, Discuss, Disseminate**- these were the three pillars of MyGov elucidated by PM Narendra Modi as it was launched on 26th July 2014. The vision of MyGov has been "Creating a participatory digital democracy, leveraging technology to enable every citizen to contribute ideas and efforts for nation-building, transforming these ideas into action and recognizing individual contributions."

While MyGov has been buzzing with a lot of creative tasks and policy discussions, the **Narendra Modi App** gave a greater boost to Jan-Bhagidari by creating networks of active citizens & seeking their participation in disseminating infographics, news, stories & videos. In a first, the Prime Minister has also been seeking inputs for his speeches on various occasions through this App.

FRIDAYS@ myGOV

Furthermore, the Transforming India micro-site was launched in March 2016 as an effort to disseminate the impact of various Government initiatives. A large number of citizens across the country have supported various campaigns under Transforming India with their participation on MyGov and proactive support on social media.

With **"Fridays at MyGov"**, citizens from different walks of life who have keenly participated in all of these platforms, have come together at the MyGov office with a common goal of "doing, discussing and disseminating" for Transforming India. They have expressed their thoughts and ideas on further expanding the Government's reach among various segments of the society through innovative methods. **"Fridays at MyGov"** has helped the Government connect with these citizens in a more direct and personalized manner. Additionally, it has also facilitated a candid exchange of ideas between the Government representatives and citizens.

So far, MyGov has hosted prominent journalists, authors, filmmakers and many social media influencers during "Fridays at MyGov". Beyond the meet-ups, these citizens have supported the Government by proactively sharing videos, data points and giving timely feedback on enhancing the Government's initiatives.

The larger goal of **"Fridays at MyGov"** is to engage these citizens in research-based tasks, writing blogs on policy matters and in reaching out to more like-minded citizens through professional and volunteering groups. **"Fridays at MyGov"** not only is an endeavour to take ahead Jan-Bhagidari but also is a building block for a New India.

# फ्राइडे एट माइगवः नए भारत के निर्माण हेतु जन-भागीदारी की दिशा में एक और कदम

पिछले कुछ वर्षों में नागरिकों की असंख्य आवाजों और राय से डिजिटल परिदृश्य में हलचल देखने को मिल रहा है, विशेष रूप से शासन और सार्वजनिक नीति के मामले में लोग कुछ ज्यादा ही सक्रिय हैं। चाहे वह सोशल मीडिया हो, माईगव, नरेंद्र मोदी ऐप, पीएमओ ऐप या स्वच्छ भारत एप हो, देश के विकास में भागीदारी और योगदान के लिए नागरिकों ने विभिन्न अवसरों को बढ़ाने की मांग की है। सरकार ने भी नागरिकों के कौशल और विशेषज्ञता का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के कई अवसर पैदा किए हैं। हालांकि, इस तरह के एक समान प्लेटफॉर्म पर सक्रिय रूप से भाग लेने वाले नागरिकों को एक साथ लाने की आवश्यकता थी। इस जरुरत को ध्यान में रख कर 'फ्राइडे एट माइगव' नामक एक पहल की शुरुआत हुई, इसके तहत माइगव कार्यालय में नागरिकों के समूह से जुड़ने के लिए एक साप्ताहिक संवाद का आयोजन किया जाता है।

'फ्राइडे एट माइगव' की पहल का शुभारंभ फरवरी 2017 में हुआ जिसे नए भारत के निर्माण हेतु प्रभावशाली नागरिकों के विचार जानने के उद्देश्य से शुरु किया गया है। यह पहल नागरिकों को विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म अर्थात सोशल मीडिया, माईगोव और नरेंद्र मोदी ऐप, पीएमओ ऐप आदि के संबंध में सीधे सरकार के प्रतिनिधियों के साथ अपने अनुभवों को साझा करने का एक अवसर प्रदान करता है।

26 जुलाई 2014 को माइगव के शुभारंभ पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कार्य, चर्चा और प्रसार माइगव के तीन प्रमुख स्तंभ हैं। माइगव का दृष्टिकोण 'एक सहभागी डिजिटल लोकतंत्र बनाना, राष्ट्र-निर्माण के लिए प्रयास और योगदान के लिए हर नागरिक को तकनीक के इस्तेमाल से विचार प्रकट करने में सक्षम बनाना तथा इन विचारों को क्रियान्वित कर व्यक्तिगत योगदानों को प्रोत्साहन देना है।' जबकि माइगव कई रचनात्मक कार्यों और नीतिगत चर्चाएं हो रही हैं, नरेंद्र मोदी ऐप ने इन्फोग्राफिक्स, समाचार, कहानियों और वीडियो के प्रसार के जरिए सक्रिय नागरिकों का नेटवर्क तैयार कर उन्हें भागीदारी के लिए प्रेरित कर जन-भागीदारी को कई गुना बढ़ा दिया है। प्रधान मंत्री अधिकांशतः पहले इसी ऐप के माध्यम से विभिन्न अवसरों पर अपने भाषणों के लिए सुझाव मांगते हैं।

इसके अलावा,विभिन्न सरकारी प्रयासों के प्रभाव का प्रसार करने के उद्देश्य से मार्च 2016 में माइक्रो-साइट ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया का शुभारंभ किया गया। देशभर में बड़ी संख्या में लोगों ने माइगव के सोशल मीडिया पर अपने सक्रिय सहयोग के जरिए ट्रांसफ०र्मिंग इंडिया के तहत विभिन्न अभियानों का समर्थन किया है।

फ्राइडे @ myGOV

'फ्राइडे एट माइगव' के जरिए जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के नागरिक जिनकी इन सभी प्लेटफार्मों में भागीदारी रही है, वे माइगव कार्यालय में देश में बदलाव के लिए 'कार्य, चर्चा और प्रसार' के एक समान लक्ष्य के साथ मिलते हैं। उन्होंने अभिनव तरीकों से समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सरकार की पहुंच का दायरा बढ़ाने के बारे में अपने विचारों को व्यक्त किया है। 'फ्राइडे एट माइगव' ने सरकार को इन नागरिकों से प्रत्यक्ष और व्यक्तिगत तरीके से जुड़ने में अत्यधिक मदद की है। इसके अतिरिक्त, इसने सरकार के प्रतिनिधियों और नागरिकों के बीच विचारों के आदान-प्रदान को भी बढ़ाया है।

अब तक, माइगव ने प्रमुख पत्रकारों, लेख. कों, फिल्म निर्माताओं और कई सामाजिक मीडिया प्रभावकों का 'फ्राइडे एट माइगव' में स्वागत किया है। बैठक से परे, इन नागरिकों ने सरकार की पहल को आगे बढ़ाने के लिए वीडियो, डेटा बिंदुओं और लगातार समय पर प्रतिक्रिया साझा कर सरकार को अपना सहयोग दिया है।

'फ्राइडे एट माइगव' का बड़ा उद्देश्य रिसर्च-आधारित कार्यों में इन नागरिकों को शामिल करना, नीति मामलों पर ब्लॉग लिखना और पेशेवर और स्वयंसेवक समूहों के माध्यम से समान विचार और सोच वाले नागरिकों तक पहुंचना है। 'फ्राइडे एट माइगव' न केवल भारत-जन-भागीदारी को आगे ले जाने का एक प्रयास है बल्कि यह एक नए भारत के निर्माण के लिए नींव भी तैयार कर रहा है।



# At a Glance

## Cancer medicine prices slashed upto 86%

*Bringing a very welcome change to healthcare in India, cancer medicines will now cost substantially less. In an effort to provide relief for cancer patients, the drug pricing regulator National Pharmaceutical Pricing Authority (NPPA) has slashed the prices of some significant cancer drugs by upto 86 per cent.*

*Among these medicines, is a drug called Iressa used in the treatment of lung cancer. Earlier the medicine which cost around INR 29,259 will now cost INR 3,977. The price of chemotherapy drugs like Doceaqualip has also been reduced by 37 per cent making cancer treatment a possibility for thousands of citizens.*





## An all women crew and a round-the-world flight create history

*To mark International Women's Day, Air India scripted history with their all-female crew flying around the world. The Boeing 777 flew from New Delhi to San Francisco travelling over the Pacific Ocean. The same crew flew over the Atlantic back to New Delhi after the mandatory rest period. From the flight captain, the cabin crew, flight engineers to the ground handling staff – every member was a woman. Truly a historic and extra-ordinary feat to celebrate women's day.*

## Sitting of parliament in 2015 and 2016 exceed average of 10 years before 2014

*In a written reply to a question in the Rajya Sabha, Minister of State (IC) for Ministry of Minority Affairs and Minister of State for Ministry of Parliamentary Affairs Shri Mukhtar Abbas Naqvi informed that the number of scheduled sittings of the parliament have drastically increased in the last two years in comparison to the 10 years preceding 2014.*

*The average number of sitting in the years 2004 to 2014 is 68 in respect of Lok Sabha and 67 for Rajya Sabha in comparison to the year 2015, there were 72 sittings of Lok Sabha and 69 sittings of Rajya Sabha. In the year 2016, there were 70 sittings of Lok Sabha and 72 sittings of Rajya Sabha.*



# एक नज़र

## कैंसर की दवाइयों की कीमतों में 86% तक की कमी

देश में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में बदलाव के लिए स्वागत योग्य फैसला लिया गया है, इसके बाद कैंसर की दवाइयां अब पहले की अपेक्षा काफी सस्ती हो जाएगी। कैंसर के रोगियों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय दवा मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने कुछ महत्वपूर्ण कैंसर की दवा की कीमत 86 प्रतिशत तक घटा दी है।

इन दवाओं में फेफड़े के कैंसर के उपचार में इस्तेमाल होने वाली इरेसा नाम की एक दवा जो पहले दवा लगभग 29,25 9 रुपये की आती थी, अब इसकी कीमत घट कर 3 9 77 रुपये हो जाएगी। डोस्काक्लाइप जैसी कीमोथेरेपी दवाओं की कीमत में भी 37 प्रतिशत की कमी आई है, जिससे हजारों नागरिकों के कैंसर का उपचार आसान हो सकेगा।



## पूरी तरह महिला विमान चालक दल ने दुनिया का चक्कर लगा बनाया रिकॉर्ड

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पूरी तरह से महिला चालक दल के साथ 'एयर इंडिया' के विमान ने दुनिया का चक्कर लगा कर एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। एयर इंडिया के विमान बोइंग 777 ने दिल्ली से सेन फ्रांसिस्को के लिए प्रशांत महासागर के रास्ते से विश्व की सबसे लंबी उड़ान भरी। इसी फ्लाइट के महिला चालक दल निर्धारित विराम के बाद सैन फ्रांसिस. को से अटलांटिक महासागर के रास्ते नई दिल्ली वापस लौट आई। इस खास उड़ान में महिला चालक दल के अलावे कॉकपिट और केबिन क्रू, चेक-इन और ग्राउंड हैंडलिंग स्टाफ के साथ-साथ विमान को उड़ान के लिए मंजूरी देने वाले इंजीनियर तथा विमान के आगमन और प्रस्थान को मंजूरी देने वाले एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स आदि सभी महिलाएं ही थी । अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर वाकई यह एक ऐतिहासिक और असाधारण उपलब्धि है।

## 2015 और 2016 में संसद की बैठकों का औसत 2014 से पूर्व के10 साल के औसत से अधिक

राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित जवाब में केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं संसदीय कार्य राज्यमंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने बताया कि 2014 से पूर्व के 10 सालों की तुलना में पिछले दो साल में संसद की अनुसूचित सभाओं की संख्या में काफी वृद्धि हुई है।

वर्ष 2004 से 2014 के बीच लोक सभा के बैठकों की औसत संख्या 68 और राज्य सभा के बैठकों की औसत संख्या 67 वर्ष है, जबकि 2015 में लोकसभा की 72 और राज्यसभा की 69 बैठकें हुईं। साथ ही वर्ष 2016 में लोकसभा की 70 बैठकें और राज्यसभा की 72 बैठकें हुईं थी।

## Cabinet approves six laning of Handia-Varanasi section of NH-2 in Uttar Pradesh

Recently, a proposal for expanding the Handia-Varanasi section of the NH2 highaway in Uttar Pradesh to six lanes was put forth. Last week, the Cabinet Committee on Economic Affairs chaired by Prime Minister Narendra Modi gave the approval for this development.

The main reason behind this approval is to inevitably forward the process of development and the improvement of infrastructure in the state. More specifically, it will reduce the cost and time of travel, reduce heavy traffic in the specific stretch and also uplift the socio-economic condition of the area. With the plan being approved, it will increase employment for the local laborers once construction starts. It has been estimated that the project will take around 4000 man-days for the construction of one kilometer on the highway. In light of this statistic, the project would potentially give employment of 3 lakh man days.

It is estimated that the cost of the project will be around Rs. 2147.33 crores. This cost will include expenditures on land acquisition, pre-construction norms and the rehabilitation and resettlement of affected area. This plans now comes under the National Highways Development Project (NHDP) Phase – V. The National Highways Development Project has been very successful in the past and this project will increase the level of the project to a higher level than before.

## NTPC- Andaman and Rajasthan

State-run power company NTPC announced the commissioning of a 45-mega watt solar capacity in Bhadla, Rajasthan. This takes their project to a total installed capacity of 160 MW.

Last month, NTPC had commissioned 115-mega watt capacity of the 260-mega watt solar power project in Bhadla. With commissioning of this additional solar capacity of 45-mega watts, the overall installed capacity of the NTPC Group has reached 48,188-mega watts. NTPC is also planning 10 solar PV projects and an increase in capacity of about 1,000-mega watts via renewable resources by 2017. This includes the following:

| | |
|---|---|
| **Dadri:** | **5-mega watts.** |
| **Andaman and Nicobar:** | **5-mega watt** |
| **Ramagundam:** | **10-mega watts** |
| **Talcher Kaniha:** | **10-mega watts** |
| **Faridabad:** | **5-mega watts** |
| **Unchahar:** | **10-mega watts** |
| **Rajgarh:** | **50-mega watts** |
| **Singrauli:** | **15-mega watts** |
| **Anantapuram:** | **250-mega watts** |
| **Bhadla:** | **160-mega watts** |

NTPC plans to become a 130-GW company by 2032 with a diversified fuel mix and a 600 billion-unit company in terms of generating power. The company also wants its share of renewable energy to go up to 28 per cent. With decreasing prices and NTPC's plans to continue evolving their programs, the future of renewable energy in India looks strong.



Dial **1922** to give suggestions for Mann ki Baat

# उत्तर प्रदेश में एनएच -2 के हांडिया-वाराणसी खंड के छह लेन को मंजूरी

हाल ही में उत्तर प्रदेश में एनएच 2 राजमार्ग के हांडिया-वाराणसी खंड को छह लेन में विस्तारित करने का प्रस्ताव रखा गया था। पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की केंद्रीय मंत्रिमंडल समिति ने इसके विकास को मंजूरी दी है।

इस परियोजना की मंजूरी का मुख्य उद्देश्य राज्य में विकास की प्रक्रिया में तेजी और बुनियादी ढांचे में अनिवार्य रूप से सुधार लाना है। इस परियोजना से खासकर भारी ट्रैफिक के समय यातायात में समय व धन की बचत होगी और क्षेत्र की सामाजिक-आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। परियोजना के तहत निर्माण कार्य शुरू होने के बाद स्थानीय श्रमिकों के लिए रोजगार की क्षमता में वृद्धि होगी। निर्माण के दौरान एक किलोमीटर राजमार्ग के निर्माण पर लगभग 4,000 मानव दिन के श्रम की आवश्यकता होने का अनुमान है।

इस आंकड़े के मुताबिक परियोजना की निर्माण अवधि के दौरान स्थानीय रूप से करीब 3,00,000 मानव काम के दिनों का रोजगार का सृजन होगा।

इस परियोजना की लागत लगभग 2147.33 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। इस लागत में भूमि अधिग्रहण, पूर्व-निर्माण मानदंडों और संबंधित क्षेत्रों के पुनर्वास और पुनर्वास के व्यय शामिल होंगे। यह योजना राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना (एनएचडीपी) के पांचवें चरण के तहत आती है। राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना विगत दिनों में बहुत सफल रही है और पिछले परियोजना की तुलना में यह परियोजना और भी उच्च स्तर की होगी।

# एनटीपीसी की राजस्थान, अंडमान और निकोबार में सौर परियोजना शुरू

एनटीपीसी ने राजस्थान के भादला में 45 मेगावाट की सौर उर्जा परियोजना के शुभारंभ की घोषणा की है। इसके साथ इस परियोजना की कुल स्थापित क्षमता बढ़कर 160 मेगावाट हो गई है।

पिछले महीने, एनटीपीसी ने भादला सौर उर्जा परियोजना के लिए प्रस्तावित कुल 260 में से 115 मेगावाट क्षमता की शुरुआत की है। 45 मेगावाट की इस अतिरिक्त सौर क्षमता की शुरुआत के साथ ही एनटीपीसी समूह की कुल विद्युत स्थापित क्षमता बढ़कर 48,188 मेगावाट हो गई है। एनटीपीसी 10 सौर पीवी परियोजनाओं की योजना बना रही है और इसकी 2017 तक अक्षय उर्जा स्रोतों से लगभग।,000 मेगावाट अतिरिक्त क्षमता जुटाने की योजना है। इसमें निम्नलिखित परियोजनाएं शामिल है।

दादरीः 5 मेगावाट
अंडमान और निकोबारः 5 मेगावाट
रामागुंडमः 10 मेगावाट
तालचर कनीहाः 10 मेगा वाट
फरीदाबादः 5 मेगावाट
उच्चाहारः 10 मेगावाट
राजगढ़ः 50 मेगावाट
सिंगरौलीः 15 मेगावाट
अनंतपुरमः 250 मेगावाट
भादलः 160 मेगावाट

एनटीपीसी 2032 तक विविध प्रकार के ईंधनों वाली कंपनी बनने की योजना बना रहा है जिसकी कुल क्षमता 130 गीगावाट की होगी तथा विद्युत उत्पादन क्षमता के मामले में इसके 600 बिलियन रुपये की की कंपनी बन जाने की संभावना है। कंपनी अपनी कुल क्षमता की 28 प्रतिशत बिजली अक्षय ऊर्जा के स्रोत से उत्पादन करना चाहती है। घटती कीमतों के साथ ही एनटीपीसी अपनी विकास की योजनाएं जारी रखेगी। इससे भारत में अक्षय ऊर्जा का भविष्य उज्ज्वल प्रतीत हो रहा है।

# Prime Minister inaugurates OPaL's petrochemical complex in Gujarat




Prime Minister Narendra Modi inaugurated the ONGC Petro additions Ltd petrochemicals complex in Dahej, Gujarat.

A joint venture organization promoted by ONGC, Gail and GSPC, it is a grass root integrated petrochemical complex located in Special Economic Zone (SEZ) under Petroleum, Chemical and Petrochemical Investment Region (PCPIR).

The largest petrochemical plant in the country, at full capacity, the plant will produce 14 lakh metric tonnes of polymers - viz. linear low density polyethylene (LLDPE), high density polyethylene (HDPE), polypropylene (PP) - and 5 lakh metric tonnes of chemicals such as benzene, butadiene, and pyrolysis gasoline. The product warehouse is one of the largest in India with an area of 128,250 square metres.

The investment of the plant is pegged at Rs. 30,000 and its strategic location in the petrochemicals and chemical hub assures ease of connectivity leading to a comprehensive ecosystem.

The project will also lead to an increase in new downstream plastic processing industries in the country. The project is also stated to generate an investment of Rs 40,000 crore and more significantly create 20,000 indirect employment opportunities giving a push to the Make in India programme.

The significant use of polymers will considerably reduce burden on traditional materials such as wood, paper, metal and will help in conservation of natural resources like water and energy. The company also aims to encourage polymer consumption and the products will be used for infrastructure, housing, irrigation and other important sectors.

# प्रधान मंत्री ने गुजरात में ओपीएएल के पेट्रोकेमिकल परिसर का उद्घाटन किया




प्रधान मंत्री ने गुजरात में ओपीएएल के पेट्रोकेमिकल परिसर का उद्घाटन किया

प्रधानमंत्री ने गुजरात में पेट्रो रसायन परिसर का उद्घाटन किया

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के दहेज में ओएनजीसी पेट्रो एक्सपेरेशन लिमिटेड पेट्रोकेमिकल परिसर का उद्घाटन किया।

ओएनजीसी, गेल और जीएसपीसी द्वारा प्रवर्तित एक संयुक्त उद्यम जो पेट्रोलियम, रसायन और पेट्रोरसायन निवेश क्षेत्र (पीसी पीआईआर) के तहत बने विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) में स्थित यह एक एकीकृत पेट्रोरसायन परिसर है।

देश के सबसे बड़े इस पैट्रोरसायन संयंत्र से 14 लाख टन पॉलीमर का उत्पादन होगा जिसमें एलएलडीपीई पॉलीथीन, एचडीपीई पॉलीथिलीन, पॉलीप्रोपीलीन (पीपी) - और पांच लाख मीट्रिक टन रसायनों जैसे कि बेंजीन, बूटाडीन और पाइरोलिशिस गैसोलिन आदि। इसका गोदाम भारत में सबसे बड़ा 128,250 वर्ग मीटर क्षेत्र का है।

इस संयंत्र पर कुल 30 हजार करोड रुपये खर्च होने का अनुमान है। पेट्रोकेमिकल्स और केमिकल हब में इसका रणनीतिक स्थान है और एक व्यापक पारिस्थितिक तंत्र के लिए इसकी कनेक्टिविटी आसान बनाई गई है।

इस परियोजना से देश में नए डाउनस्ट्रीम प्लास्टिक प्रोसेसिंग उद्योगों में वृद्धि होगी। परियोजना से 40,000 करोड़ रुपये तक का निवेश आने की उम्मीद है और खास कर मेक इन इंडिया कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए 20,000 अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित किए जाने का अनुमान है।

पॉलीमर के इस्तेमाल में बढ़ोतरी से पारंपरिक सामग्रियों जैसे कि लकड़ी, कागज, धातु पर बोझ में कमी आएगी और साथ ही इससे पानी व ऊर्जा जैसे प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में मदद मिलेगी। कंपनी का उद्देश्य पॉलीमर उत्पादों का उपयोग बुनियादी ढांचे, आवास, सिंचाई और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बढ़ा कर इसकी खपत को प्रोत्साहित करना है।

# Vidya Pillai bags silver in Women's World Snooker Championship

India's sports talent is garnering appreciation and awards on global borders. The ambitions in sports have moved beyond just participation. In another victory, breaking down the barriers at the international arena making the country proud, the game of snooker certainly catches public eye. India's Vidya Pillai, a competent snooker player produced a spirited performance before winning a silver in the World Women Snooker Championship in Singapore.

After spending days competing with world champions, on 19th March, 2017, Vidya made it to the finals. Her hard fought match led her to win a silver, securing the first international medal for India in 2017. Enroute to the final, Vidya passed over all league matches and subsequently knocked out former European Champion, Tatjana Vasiljeva of Latvia 4-1 (last 16), Katrina Wan of Hong Kong 4-1 (quarterfinal) and Rebecca Grenger of England 5-1 (semifinal).

Reviving the glory, the country has set a benchmark by leaps and bounds.

As sports continues to grow, India holds a blazing future on its path to develop a strong sports culture.





# विद्या पिल्लई ने महिला विश्व स्नूकर चैंपियनशिप में जीता रजत

देश की खेल प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भरपूर प्रशंसा और पुरस्कार मिल रहे हैं। अब उनकी आकांक्षा खेल में भागीदारी से कहीं अधिक बढ़ गई है। एक और जीत ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है। देश को गौरवान्वित करने वाले खेल स्नूकर पर सबकी नजर टिक गई है। भारत की बेहतरीन स्नूकर खिलाड़ी विद्या पिल्लई ने सिंगापुर में विश्व महिला स्नूकर चौम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक जीता है।

विश्व चौंपियनों के खिलाफ डट कर मुकाबला करते हुए विद्या ने 19 मार्च, 2017 को फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। खिताबी मुकाबले में विद्या ने जबर्दस्त प्रदर्शन किया और रजत पदक अपने नाम कर 2017 में भारत के लिए पहला अंतरराष्ट्रीय पदक जीता।


फाइनल में पहुंचने के क्रम में विद्या ने सभी लीग मैचों में जीत हासिल की। विद्या ने लातविया की ताजना वेसिलिजा को 4–1 से हरा कर अंतिम 16 में जगह बनाई। इसके बाद हांगकांग की कैटरिना वान को 4–1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई और सेमीफाइनल में इंग्लैंड के रेबेका ग्रेंगर को 5–1 से शिकस्त देकर खिताबी मुकाबले में पहुंची।

श्रेष्ठ प्रदर्शन के जरिए खेल के क्षेत्र में देश ने उंची छलांग लगाई है। खेल में स्वर्णिम भविष्य के लिए अभी और भी कई कार्य किए जाने हैं। देश में एक मजबूत खेल संस्कृति के विकास की दिशा में कई प्रयास किए जा रहे हैं।

# How the World's Largest Democracy Conducts Elections?

In a country that is so huge and diverse as India, the scale and the scope of elections is also colossal making it the largest democratic exercise in the world. Elections are held at the national, state and local levels at regular intervals. India's constitutional provisions and the laws made by the Parliament ensure that all the elections held in India are free and fair. The Election Commission of India (ECI) which is an autonomous constitutional body also ensures that the elections at the Parliament, State and Union Territory Assemblies, and electing the President and Vice-President are conducted in a smooth manner.

Before the elections, the ECI makes sure that the Model Code of Conduct for political parties and candidates are laid-down. ECI announces the schedule of the elections; conducts registration of political parties and categorises them into national or state parties; issue notifications; scrutinizes the filing of nominations; oversees the political campaigns; administers polling and counting; compiles the list of the elected, and disseminates the election results.




The Electronic Voting Machine (EVM) had been introduced to digitise the voting process that is speedy, reliable and efficient. The EVM system ensures sophisticated technology and a flawless process to successfully conduct elections across the country. In instances where the credibility and transparency of EVMs is questioned, a thorough investigation is conducted to mitigate any instances of a loophole.

In the year 2009, some activists approached the Supreme Court with claims of a flawed electoral process. The Supreme Court advised the persons in question to take their concerns to ECI. The activists then opened dialogue and ECI threw an open challenge to anyone to demonstrate how machines owned by ECI can be tempered. However, in spite of opportunities given by ECI, machines opened and internal components shown, no one could demonstrate any tempering with the machine in ECI HQ. There proceedings were videographed.

Further in an extraordinary measure, the Commission invited those who had expressed reservations about the EVMs to come and demonstrate the points made in their allegations from 3rd to 8th August 2009. Those invited included political parties, petitioners before various courts and other individuals who had raised similar issues to Commission.

The exercise saw a hundred EVMs from ten states ready for scrutiny and investigation at the Commission's office. The EVMs were offered for demonstrations in the presence of a technical experts group as well as engineers representing the EVM manufacturers, BEL and ECIL. The conclusive outcome of this exercise established that no one present there could demonstrate any tamper-ability of the ECI-EVMs. Those among the complainants either failed or chose not to demonstrate. The many guidelines of the ECI not only establish the flawless electoral process but also assures citizens of accountability and transparency.

Conducting the General Elections could be the most challenging task for the ECI. However, they could be considered as the most efficient body involved in managing the elections and the guardian of India's democracy.

# विस्तृत रिपोर्ट

## विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में कैसे होता है चुनाव ?

भारत जैसे विविधतापूर्ण और विशाल देश, जो दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश भी है, में बड़े पैमाने पर चुनाव कराए जाते हैं। नियमित अंतराल पर यहां राष्ट्रीय, राज्य और स्थानीय स्तर पर चुनाव आयोजित किए जाते हैं। भारत के संवैधानिक प्रावधान और संसद द्वारा बनाए गए कानून यह सुनिश्चित करते हैं कि देश में सभी चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष हों। भारत का निर्वाचन आयोग (ईसीआइ) स्वायत्त संवैधानिक निकाय है जो सुनिश्चित करता है कि संसद, राज्य व संघ राज्य के विधानसभाओं के चुनाव, राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति के चुनाव बिना किसी विवाद के संपन्न हों।

सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के मुताबिक किसी भी महत्वपूर्ण या ताजा मुद्दे पर स्पष्ट नियम ना होने की स्थिति में संविधान के अंतर्गत भारत के निर्वाचन आयोग के पास इस संबंध में तत्काल और आवश्यक कार्रवाई करने की अवशिष्ट शक्तियां हैं। इसलिए निर्वाचन आयोग देश में आयोजित सभी प्रमुख चुनावों के मध्यस्थ और पर्यवेक्षक के रूप में कार्य करता है और चुनाव के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक सभी मशीनरी को नियंत्रित करता है।




चुनावों से पहले निर्वाचन आयोग सुनिश्चित करता है कि सभी रा. जनीतिक दल और उम्मीदवार आ. चार संहिता का पालन करें। निर्वाचन आयोग ही चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करता है; राजनीतिक दलों का पंजीकरण करता है और उन्हें राष्ट्रीय या क्षेत्रीय दलों के तौर पर मान्यता प्रदान करता है। चुनाव की अधिसूचना से लेकर नामांकन की जांच; राजनीतिक अभियानों की देख. रेख; मतदान, मतगणना, निर्वाचितों की सूची और चुनाव के परिणाम आदि सारे कार्य चुनाव आयोग के ही हैं।

मतदान प्रक्रिया को तेज, विश्वसनीय और कुशल बनाने के उद्देश्य से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की शुरुआत हुई।

जब भी ईवीएम की विश्वसनीयता और पारदर्शिता पर सवाल उठाए जाते हैं तो इसकी पूरी तरह से जांच की जाती है और इसमें किसी तरह की कोताही नहीं बरती जाती है।

पूर्व में कई राजनीतिक दलों ने ईवीएम में छेड़छाड़ पर चिंता जताई है। हालांकि, ईसीआई ने इस तरह के दावों का जवाब देते हुए ईवीएम के साथ छेड़छाड़ की किसी भी संभावनाओं इन्कार किया है।

ईसीआई ने स्पष्ट रूप से यह बात दोहराई कि ईवीएम में निहित कारगर तकनीकी एवं प्रशासनिक हिफाजतों को देखते हुए ईवीएम में कोई छेड़छाड़ नहीं की जा सकती है। वर्ष 2000 के बाद ईवीएम का उपयोग राज्य विधानसभाओं के लिए हुए 107 चुनावों और वर्ष 2004, 2009 और 2014 में लोकसभा के लिए हुए 3 चुनावों में किया जा चुका है।

कुछ कार्यकर्ताओं ने वर्ष 2009 में उच्चतम न्यायालय में याचिका दाखिल की थी। हालांकि उच्चतम न्यायालय ने उन्हें ईसीआई जाने की सलाह दी। उधर, ईसीआई ने यह खुली चुनौती दी कि क्या कोई भी व्यक्ति यह सा. बित कर सकता है कि ईसीआई के पास मौजूद मशीन से छेड़छाड़ की जा सकती है। हालांकि, ईसीआई द्वारा दिये गये अवसरों के तहत मशीनों को खोलने एवं आंतरिक कलपुर्जों को खोलकर दिखाने के बावजूद कोई भी व्यक्ति ईसीआई के मुख्यालय में इस मशीन में किसी भी तरह की छेड़छाड़ की गुंजाइश को प्रदर्शित नहीं कर पाया। इस कार्यवाही की वीडियोग्राफी भी की गयी।

एक असाधारण उपाय के तौर पर आयोग ने उन लोगों को आमंत्रित किया जिन्होंने ईवीएम की विश्वसन. ीयता पर 3 से 8 अगस्त 2009 को सवाल उठाए थे। आमंत्रित लोगो में राजनीतिक दलों, विभिन्न अदालतों में याचिकाकर्ता तथा कुछ व्यक्ति विशेष थे। इस कवायद में आयोग के कार्यालय में छान. बीन और जांच के लिए दस राज्यों से एक सौ ईवीएम मंगवाए गए। एक तकनीकी विशेषज्ञ समूह की मौजूदगी में ईवीएम विनिर्माताओं बीईएल और ईसीआईएल का प्रतिनिधित्व करने वाले इंजीनियरों की उपस्थिति में ऐसे प्रदर्शन की पेशकश की गई। इस अभ्यास का निर्णायक परिणाम यह हुआ कि वहां मौजूद कोई भी ईसीआई–इ. वीएम में किसी भी तरह छेड़छाड़ के लक्षणों को प्रदर्शित नहीं कर सका। शिकायतकर्ता या तो विफल हो गए या प्रदर्शन करने से इन्कार कर दिया।

आम चुनाव आयोजित करना चुनाव आयोग का सबसे चुनौतीपूर्ण कार्य है। इसलिए उन्हें चुनावों के प्रबंधन और देश के लोकतंत्र के अभिभावक के तौर पर चुनाव का प्रबंधन करने वाला सबसे सक्षम निकाय माना जा सकता है।

# Honouring our heroes







# वीरों का सम्मान











**As an individual, a family, society or an organisation let us... all resolve to build a new India of our dreams.**

- **New India, where dreams turn into reality**
- **New India, where there are prospects to flourish**
- **New India, where there is an opportunity for all**
- **New India of new possibilities**
- **New India, where farmer prosper**
- **New India of our self-respect**

*- Prime Minister Narendra Modi*



# PICTURES OF THE FORTNIGHT



First Airbus Training Centre in Asia to be set up in New Delhi


Union Minister for Agriculture and Farmers Welfare,Shri Radha Mohan inaugrates Krishi Unnati Mela 2017



Ministry of Health and Family Welfare unveils communication means to raise awareness on oral health



Dial **1922** to give suggestions for Mann ki Baat

myGOV मेरी सरकार

www.mygov.in